

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 215 शुक्रवार, 18 सितम्बर 2026 भाद्रपद माह, शुक्ल, अष्टमी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया


## जन्मदिन पर पीएम मोदी ने बंगाल की महिलाओं के खाते में भेजे 3-3 हजार रुपये, अन्नपूर्णा योजना की चौथी किस्त जारी

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पश्चिम बंगाल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की महिलाओं के लिए बड़ा वित्तीय तोहफा जारी किया। विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर बोलते हुए पीएम मोदी ने बंगाल की माताओं और बहनों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका अटूट विश्वास और आत्मीयता ही उनकी असली ताकत है।

प्रधानमंत्री ने अन्नपूर्णा योजना की चौथी किस्त जारी करते हुए घोषणा की कि राज्य की लगभग 1.5 करोड़ बहनों के बैंक खातों में 3,000 रुपये की राशि सीधे सफलतापूर्वक ट्रांसफर की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह निश्चित मासिक वित्तीय सहायता महिलाओं को घर के आवश्यक खर्चों, दवाओं, बच्चों की शिक्षा और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में आत्मनिर्भर बनाएगी और उनके भीतर नया आत्मविश्वास और निर्णय लेने का साहस जगाएगी।

पीएम मोदी ने कहा कि नई



सरकार के कार्यभार संभालते ही बिना किसी भ्रष्टाचार के सीधे बैंक खातों में पारदर्शी तरीके से मदद पहुंचाने का काम शुरू किया गया। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य की एक भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को रेखांकित करते हुए कहा कि बचपन से मातृत्व तक की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। इसमें मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला गैस, हर घर नल से जल, आयुष्मान कार्ड और पीएम आवास में महिलाओं को संयुक्त मालिकाना हक जैसे कदम शामिल हैं।

राज्य के विकास को नई दिशा देने की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने ऐलान किया कि बंगाल में जल्द ही 50 लाख से अधिक नए चिन्हित गरीब परिवारों को पीएम आवास योजना के तहत स्थायी घर दिए जाएंगे। इसके साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना के जरिए स्थानीय कौशल को बढ़ावा दिया जाएगा। अपने संबोधन के अंत में पीएम मोदी ने कहा कि माताओं और बहनों का आशीर्वाद ही जनसेवा की प्रेरणा है। एक विकसित बंगाल की ताकत से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। क्षेत्रीय प्रगति को राष्ट्रीय दृष्टिकोण से जोड़ते हुए, प्रधानमंत्री ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि स्थानीय महिलाएं एक विकसित भारत की दिशा में विकास यात्रा को गति देना जारी रखेंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश का व्यापक संकल्प एक विकसित राज्य की क्षमताओं से मौलिक रूप से मजबूत होता है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा, एक विकसित बंगाल की ताकत से विकसित भारत का संकल्प और भी मजबूत होगा।

### अंडरवॉटर ड्रोन मदरशिप: चीन ने समुद्र में छिपाई विनाश की पनडुब्बी, पानी के अंदर से हजारों किमी तक करेगी हमला

एजेंसी न्यूज

**बीजिंग.** अपनी सैन्य क्षमता को एक नए स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रहा है। शंघाई के हुडोंग-झोंगहुआ शिपयार्ड में एक ऐसी मदरशिप निमार्णाधीन है, जिसे बड़े आकार की मानवरहित पनडुब्बियों को समुद्र में पहुंचाने और वहां तैनात करने के लिए बनाया जा रहा है। उपग्रह की तस्वीरों में दिखे इस जहाज को दुनिया में अपनी तरह का पहला पोत माना जा रहा है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यह एक साथ कम से कम चार बेहद बड़ी मानवरहित पनडुब्बियां ले जा सकता है। ये पनडुब्बियां चालक दल के बिना लंबी दूरी तक समुद्र के भीतर काम कर सकती हैं।

उपग्रह तस्वीरों के आधार पर यह जहाज लाल रंग का निमार्णाधीन पोत दिखाई देता है। इसके आकार और बनावट से संकेत मिलता है कि इसके भीतर एक बड़ा हैंगर बनाया गया है।

## सीएम योगी का सपा पर हमला

### बोले : 2017 से पहले बीमारू था यूपी , सैफई में बुलाए जाते थे मुंबई से कलाकार

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को शाम को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विश्वकर्मा स्वरोजगार व स्वदेशी मेला-2026 पर आधारित प्रदर्शनी और मार्जिन मनी ऋण पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व टूलकिट वितरित किया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने पूर्व की सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के पास पर्याप्त संसाधन होने के बावजूद प्रदेश की स्थिति खराब थी। उन्होंने कहा कि उस समय यूपी को बीमारू राज्य के तौर पर देखा जाता था।

सीएम योगी ने तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकार के समय सैफई में मुंबई से कलाकार बुलाए जाते थे और सैफई महोत्सव कराने से फुर्सत कहां थी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमइ) मंत्री भूपेंद्र चौधरी व राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### सांसद प्रिया सरोज के घर जल्द बजेगी शहनाई, क्रिकेटर रिंकू सिंह की बनेंगी दुल्हनियां

एजेंसी न्यूज

**जौनपुर/लखनऊ। टीम** इंडिया के हरफनमौला बल्लेबाज रिंकू सिंह और उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मछलीशहर संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज के विवाह की तारीख आगामी चार दिसंबर तय हो गई है। शादी की तारीख सामने आने के बाद परिवार और करीबियों के साथ-साथ समर्थकों में खुशी लहर दौड़ गई।



जानकारी के मुताबिक राजधानी लखनऊ के रमाडा होटल में रिंकू सिंह और प्रिया सरोज शादी के सात फेरे लेंगे। शादी को लेकर दोनों परिवारों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मछली शहर के पूर्व सांसद एवं वर्तमान में जौनपुर जिले के केराकत विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक और सांसद प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों की सगाई लखनऊ के सेंट्रम होटल में हुई थी। सगाई समारोह में दोनों परिवारों के सदस्यों के साथ करीबी रिश्तेदार और अन्य खास लोग शामिल हुए थे। सगाई के बाद से ही दोनों की शादी की तारीख को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। अब चार दिसंबर की तारीख तय होने के बाद विवाह समारोह को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है। उन्होंने बताया कि रमाडा होटल में होने वाले विवाह समारोह में दोनों परिवारों के सदस्य, रिश्तेदार और करीबी लोग शामिल होंगे। शादी को यादगार बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## काशी से शुरू हुआ सेवा संकल्प अभियान

### सीएम योगी बोले- गांवों में दिख रहा 25 साल की सेवा यात्रा का असर

एजेंसी न्यूज

**काशी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वाराणसी से सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी के सार्वजनिक जीवन की यात्रा को गांवों में आए बदलाव से जोड़ते हुए कहा कि सेवा संकल्प का प्रभाव दिखाई दे रहा है।

वाराणसी, अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार को वाराणसी से सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को गांवों में आए बदलाव से जोड़ते हुए कहा कि उनके सेवा संकल्प का प्रभाव उन गांवों में दिखाई देता है, जो अब आत्मनिर्भरता की कहानियां सुना रहे हैं। अभियान के तहत देशभर में सेवा, जनसंपर्क और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 वर्ष पहले गुजरात से शुरू हुई प्रधानमंत्री मोदी की




सार्वजनिक जीवन की यात्रा अब देशव्यापी स्वरूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के शपथ लेने के 25 वर्ष पूरे होंगे। योगी ने इस अवधि को दृढ़ता, मेहनत और समर्पण की यात्रा बताते हुए चरैवेति, चरैवेति के मंत्र का उल्लेख किया। उनके मुताबिक, गुजरात के मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक की यात्रा ने देश के विकास की दिशा को प्रभावित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की सार्वजनिक यात्रा के दौरान देश में कई बदलाव हुए हैं। उन्होंने एक ऐसे भारत का उल्लेख किया जो उनके शब्दों में सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है तथा दुनिया के साथ संवाद के लिए तैयार है। योगी ने कहा कि मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को गांवों की बदलती तस्वीर के रूप में भी देखा जा सकता है। उनके मुताबिक, कई गांव आज आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की कहानियां प्रस्तुत कर रहे हैं।

कार्यक्रम में वाराणसी और वडनगर से शुरू होने वाली दोतरफा सेवा यात्रा का भी जिक्र हुआ। योगी आदित्यनाथ ने वडनगर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मस्थान और वाराणसी को उनके वर्तमान संसदीय क्षेत्र के रूप में यात्रा से जोड़ा।उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों से निकलने वाली यात्राएं अलग-अलग राज्यों से होते हुए एक-दूसरे को जोड़ेंगी। इन यात्राओं में युवा प्रतिभागी शामिल होंगे और रास्ते में सेवा से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यात्राएं 7 अक्टूबर तक चलेंगी।

### तमिलनाडु: नवोदय विद्यालय पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, हिंदी भाषा विवाद पर विजय सरकार को लगाई फटकार

एजेंसी न्यूज

**चेन्नई।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार को राज्य के हर जिले में नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए जरूरी जमीन चिन्हित करने के अपने दिसंबर 2025 के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि संघीय ढांचे में केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग जरूरी है। अदालत ने सवाल किया कि अगर



समवर्ती सूची में केंद्र सरकार कोई नीति लेकर आती है और हर राज्य यह कहने लगे कि वह उसे स्वीकार नहीं करता, तो संघीय व्यवस्था कैसे चलेगी। पीठ ने तमिलनाडु सरकार से इस मामले में अपना नजरिया बदलने को भी कहा।

15 दिसंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को राज्य के प्रत्येक जिले में नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए जरूरी जमीन की पहचान करने का निर्देश दिया था। अदालत ने इसके लिए छह सप्ताह का समय दिया था।

तमिलनाडु सरकार ने राज्य में नवोदय विद्यालय स्थापित करने का विरोध मुख्य रूप से इन स्कूलों में लागू तीन-भाषा नीति वाले पाठ्यक्रम को लेकर किया है। सुनवाई के दौरान पीठ ने राज्य के वकील से कहा कि यदि राज्य यह कहता है कि वह तमिलनाडु की जमीन पर हिंदी पढ़ाए जाने के कारण नवोदय विद्यालय नहीं चाहता, तो पहले अपना नजरिया बदलना होगा। इस पर जयदीप गुप्ता ने कहा कि तमिलनाडु सरकार हिंदी की पढ़ाई का बिल्कुल विरोध नहीं कर रही है।

## पीएम मोदी बर्थडे: 2100 दीपों से जगमगाया यमुना तट

### सीएम धामी ने 7.52 करोड़ से बने घाट का किया लोकार्पण

एजेंसी न्यूज

**विकासनगर(देहरादून)। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर हरिपुर कालसी में यमुना तट आस्था, संस्कृति और विकास के रंग में नजर आया। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत 2100 दीपों से यमुना तट रोशन हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साधु-संतों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के साथ यमुना की आरती में प्रतिभाग किया। इस दौरान यमुना की प्रतिमा का अनावरण और हरिघाट का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा 7.52 करोड़ रुपये की लागत से विकसित स्नान घाट भी जनता को समर्पित किया। इसके साथ ही यमुना कृष्ण मंदिर का शिलान्यास किया गया।

यमुना नदी के दायीं ओर विकसित स्नान घाट 170 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा है। करीब 7.52 करोड़ रुपये की लागत से एमडीडीए द्वारा तैयार इस परियोजना में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और तट के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। देहरादून-चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग-507 पर देहरादून से करीब 45 किलोमीटर दूर स्थित हरिपुर कालसी जौनसार-भाबर का प्रमुख प्रवेश द्वार है। यह क्षेत्र धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। आसपास अशोक




शिलालेख, देवस्थल मंदिर और अश्वमेघ यज्ञ स्थल जैसे महत्वपूर्ण स्थल मौजूद हैं। घाट के नदी की ओर एमडीडीए द्वारा 170 मीटर लंबी और पांच मीटर ऊंची दो आरसीसी सुरक्षा दीवारें बनाई गई हैं। करीब 2000 वर्गमीटर क्षेत्र में आरसीसी और रेड सैंड स्टोन से दो प्लेटफॉर्म तैयार किए गए हैं। नदी तक सुरक्षित पहुंच के लिए सीढ़ियां बनाई गई हैं। वहीं, यमुना की आरती के लिए चार आरसीसी आरती स्थल विकसित किए गए हैं।

एमडीडीए द्वारा घाट पर रात में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए 25 सोलर लाइटें लगाई गई हैं। सौंदर्यीकरण के लिए प्लांटर्स और आगंतुकों के बैठने के लिए शेड के साथ 12 बेंच स्थापित की गई हैं। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय और चेंजिंग रूम का रेनोवेशन किया गया है। पेयजल के लिए वाटर स्पाउट की व्यवस्था की गई है। नदी किनारे सुरक्षा के लिए करीब 300 मीटर लंबी एसएस रेलिंग और एसएस चेन लगाई गई है। इससे स्नान और धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण मिलेगा।

### जम्मू-कश्मीर मुठभेड़: मारे गए दोनों आतंकी पाकिस्तानी, पुलिस ने कहा- तुम भाग सकते हो, लेकिन छिप नहीं सकते

एजेंसी न्यूज

**जम्मू-कश्मीर.** जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन सोहन के तहत सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। मारे गए जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकियों की पहचान सद्दाम और मुस्तफा के रूप में हुई है। उनके पास से एक एके असॉल्ट राइफल (चार मैगजीन के साथ), एक एम4 कार्बाइन (तीन मैगजीन के साथ), एक ग्लॉक पिस्तौल (दो मैगजीन के साथ) और चार ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ट्वीट करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि तुम भाग सकते हो, लेकिन छिप नहीं सकते। बता दें कि बुधवार देर शाम माजल्टा इलाके में गोलीबारी की आवाजें सुनाई देने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी। आतंकवादियों की मौजूदगी की विशिष्ट सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की। इसके बाद एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेजा गया है। तलाशी अभियान को और तेज कर दिया गया है।

### बीवी ने ली पति की जान: बेटे-बेटी ने दिया मां का साथ, ई-रिक्शा में लाश रख नहर में फेंकी;

एजेंसी न्यूज

**एटा.** प्लॉट बेचकर मिले 15 लाख रुपये को लेकर हुए विवाद में उदयवीर (36) की उसकी पत्नी ने बेटे-बेटी और दो साथियों के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव हजारा नहर में फेंक दिया गया। पुलिस ने पत्नी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी बरामद किया गया है। यूपी के एटा स्थित गांव लालपुर कल्याणपुर निवासी उदयवीर पत्नी और तीन बच्चों के साथ हीरा नगर में किराए पर रहता था। पुलिस के मुताबिक उदयवीर ने कुछ दिन पहले अपना प्लॉट करीब 15 लाख रुपये में बेचा था। इसी रकम के संबंध में उसका पत्नी से विवाद चल रहा था। आठ सितंबर की रात विवाद के बाद पत्नी ने बेटे, बेटी और दो अन्य लोगों के साथ मिलकर उदयवीर की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस का दावा है कि इसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए हजारा नहर में फेंक दिया गया।

## हैप्पी बर्थ डे माई फ्रेंड: मेलोनी ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को 76 वर्ष के हो गए। उनके जन्मदिन के मौके पर दुनियाभर से उन्हें बधाई संदेश मिल रहे हैं। इसी कड़ी में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी सोशल मीडिया के जरिए पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मेलोनी ने अपने संदेश में पीएम मोदी को अपना मित्र बताते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य, ऊर्जा और सफलता की कामना की। इटली की प्रधानमंत्री ने आगे कहा- दोनों देश मिलकर सहयोग और समृद्धि के भविष्य के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपने संदेश में भारत और इटली के बीच गहरे दोस्ती के रिश्ते को भी रेखांकित किया।

मेलोनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य, ऊर्जा और सफलता की कामना करती हूं। उन्होंने आगे कहा कि इटली और भारत अपने गहरे दोस्ती के रिश्ते को लगातार मजबूत कर रहे हैं और साथ मिलकर सहयोग और समृद्धि का भविष्य बना रहे हैं।

इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों और हाल ही में दोनों नेताओं के बीच हुई उच्च-स्तरीय मुलाकातों का भी जिक्र किया। इस संदेश में आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री की सीधी भूमिका का जिक्र किया गया। इसके साथ ही नई दिल्ली और मॉस्को के बीच औपचारिक संबंधों की गहराई को रेखांकित किया गया।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी पीएम मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो, नरेंद्र! आपके नेतृत्व ने भारत को एक विश्व शक्ति में बदल दिया है। हमने मिलकर हमारे दो महान लोकतंत्रों के बीच एक अभूतपूर्व साझेदारी का निर्माण किया है। इस्राइल और भारत के बीच की दोस्ती पहले कभी इतनी मजबूत नहीं रही, और हम इसे मिलकर और भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। मैं आपके नेतृत्व, स्वास्थ्य और सफलता से भरे कई और वर्षों की कामना करता हूं।

## एक नजर

### चोरी की बाइक से ससुराल जा रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आंवला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक से ससुराल जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय भेजा है। पुलिस के अनुसार बुधवार की रात आंवला अलीगंज मार्ग पर चेकिंग के दौरान बगैर नम्बर की बाइक के साथ एक व्यक्ति को धर दबोचा गया। पूछताछ में पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम मुस्तकीम पुत्र नवी हसन निवासी लक्ष्मणपुर थाना चन्दौसी जिला संभल बताया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने उक्त बाइक तहसील परिसर से चोरी करना बताया है। उसने ठेला बनवाने के उद्देश्य से उसकी नंबर प्लेट हटाई थी। वह बाइक से अपनी ससुराल आंवला के फूटा दरवाजा जा रहा था। इसी बीच चेकिंग में वह पकडा गया।

# धूमधाम से मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर, चौकीदारों को सम्मानित करने समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज के


आंवला में क्षेत्राधिकारी आंवला रक्तदान करते हुए। –जागरण मोर्चा



प्रत्येक वर्ग को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। शिविर में सीओ आंवला हेमंत उपाध्याय, ईओ नगरपालिका परिषद आंवला प्रदीप गिरी, विधानसभा आंवला संयोजक राकेश मोहन त्यागी, मंडल अध्यक्ष आंवला अनमोल गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। वहीं सिरौली थाना परिसर में चौकीदारों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने चौकीदारों के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में चौकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सम्मान का भाव पहुंचाना ही अभियान का उद्देश्य है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

**फतेहगंज पूर्वी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन दिवस पर फतेहगंज पूर्वी मंडल से कई लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मनदीप मिश्रा, मंडल महामंत्री हसदेव शर्मा, नवीन शर्मा, राजेश गुप्ता और कई नेताओं ने और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया और फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत में अध्यक्ष संजय पाठक के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया गया। जिसमें डॉक्टर यशपाल सिंह, व्यापारी नेता पंकज अग्रवाल, महेश राठौर, प्रमोद राठौड़, सुधीर सिंह आदि नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईटीआई फरीदपुर में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर हुआ रोजगार मेले का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राजकीय प्रशिक्षण संस्थान, फरीदपुर में कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एम एल सी ने फीता काट कर किया। इसके बाद प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटा गया। छात्र-छात्राओं व सभी उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर एमएलसी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा अपने 25 वर्षों की सेवा में देश के युवाओं, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। आज का युवा स्किल इंडिया से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहा है। तत्पश्चात उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत मेगा रोजगार कैम्प एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार गुरप्रीत सिंह, सतेंद्र सिंह लवी, शैलेश सिंह, प्रदीप कठेरिया, सुखदेव वाल्मीकि के अलावा आईटीआई के अध्यापक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के चित्र के समक्ष केक काटते एमएलसी कुंवर महाराज सिंह।

# विद्या मंदिर में मनाई विश्वकर्मा जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** सरस्वती विद्या मंदिर भुर्जी टोला में बृहस्पतिवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के पूजन एवं स्मरण के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य अखिल गुप्ता ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन, व्यक्तित्व और भारतीय संस्कृति में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, सृजनशीलता और कर्म के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे। अनन्या सक्सेना, शिखा, अक्षिता माहेश्वरी, आयुषी शर्मा, अंशुल माहेश्वरी, आराध्या और स्नेहा राजपूत ने भगवान विश्वकर्मा के व्यक्तित्व एवं आदर्शों पर वक्तव्य प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, शिल्प और सृजन का प्रतीक माना जाता है। उनके आदर्श आज भी कर्मशीलता और कौशल की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन आचार्य सनोज सिंह ने किया। अंत में प्रधानाचार्य गवेन्द्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा अपने कार्य को निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने के लिए प्रेरित किया।




## संक्षेप समाचार



### सेवा संकल्प अभियान में मरीजों को मिलीं स्वास्थ्य सुविधाएं

**भमोरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भमोरा में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मरीजों को टीकाकरण, प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी, डेंगू-मलेरिया की जांच समेत विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई और सुविधाओं का लाभ दिलाया गया। मरीजों को फल भी वितरित किए गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विवेक कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिला चिकित्सक डॉ. राजकुमारी, डॉ. स्नेहा, डॉ. राहुल, डॉ. नीरज, डॉ. मनजीत, डॉ. सचिन और डॉ. सतंबरी सहित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सहभागिता की। बीपीएम यूनिट के नीरस सक्सेना, मीना कुमारी, अनिल कुमार, विजय कुमार और मनोज कुमार समेत समस्त स्टाफ ने सहयोग किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का लाभ दिलाना है।




### दीप जलाकर दिया सेवा, स्वच्छता और जनकल्याण का संदेश

**आंवला।** नगर पालिका परिषद की ओर से बृहस्पतिवार को सेवा ही संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें कान्हा गौशाला और नगरपालिका परिषद परिसर और नगर के प्रमुख चौराहों पर दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान श्रद्धा और सेवा भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन आंवला सैय्यद आविद अली, अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरि, सभी सभासद, नगर पालिका के कर्मचारी, गौ सेवक और अन्य सम्मानित साथी मौजूद रहे। इस अवसर पर सेवा, स्वच्छता, विकास और जनकल्याण के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

### 600 रूपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य की उठी मांग

**बहेड़ी।** भाकियू ( टिकैत) तराई गुट क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमण्डल गुरूवार को एसडीएम गोपाल शर्मा से मिला और एक ज्ञापन के माध्यम से आगामी पेराई सत्र में गन्ना मूल्य 600 रूपये प्रति कुंतल किए जाने की मांग मुख्यमंत्री से की। ज्ञापन में धान खरीद केंद्रों को समय से समुचित व्यवस्थाओं के साथ संचालित कराए जाने की भी मांग की गई। चौधरी अजीत सिंह की अगुवाई में पहुंचे किसानों के इस प्रतिनिधि मंडल में काफी किसान शामिल रहे।

### यूपीआई पर टैक्स का प्रस्ताव व्यापारियों की पीठ में छुरा : अकरम खान

**मीरगंज।** यूपीआई लेनदेन पर टैक्स या शुल्क लगाने की चर्चाओं के बीच उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (पंजीकृत) ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने सरकार से डिजिटल भुगतान व्यवस्था को पूरी तरह मुफ्त और सुरक्षित बनाए रखने की मांग की है। जिलाध्यक्ष अकरम खान ने प्रस्तावित कर को छोटे व्यापारियों और डिजिटल इंडिया अभियान के हितों के खिलाफ बताया। अकरम खान ने कहा कि यूपीआई पर टैक्स लगाने का प्रस्ताव डिजिटल इंडिया और छोटे व्यापारियों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है। देश के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया और कैशलेस इकोनॉमी के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गली-मोहल्लों के छोटे से छोटे दुकानदार ने भी बिना झिझक यूपीआई को अपनाया है। व्यापारियों और आम जनता ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव किया है।

# आंधी-बारिश में गिरी मकान की दीवार, वृद्धा और मासूम की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** गुरुवार सुबह तेज आंधी और बारिश के दौरान एक पुराने जर्जर मकान की कच्ची दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में तीन लोग दब गए। चीख पुकार पर पहुंचे मोहल्लेवासियों ने तीनों लोगों को मलबे से बाहर निकाला। परंतु तबतक एक वृद्ध महिला और 9 वर्षीय पडोसी बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 7 वर्षीय पोती गम्भीर घायल हो गयी। परिजनों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। सिरौली के गांव अंजनी निवासी फूलसिंह की सात वर्षीय बेटी रिया अपनी 60 वर्षीय दादी सुदामा देवी के साथ घर के बाहर बरामदे के पास बैठी खेल रही थी। पड़ोस में रहने वाले राजाराम का नौ वर्षीय बेटा राजा भी उनके साथ खेल रहा था। इसी दौरान पास में स्थित प्रताप और रामकिशोर के खाली पड़े पुराने मकान की कमजोर दीवार अचानक तीनों के ऊपर गिर गई। बताया गया कि बारिश के कारण मकान की दीवारें गलकर कमजोर हो गई थीं। गुरुवार सुबह तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू होने पर दीवार भरभराकर गिर गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला। तब तक सुदामा देवी और राजा की मौत हो चुकी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रिया को ग्रामीण सिरौली स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची सिरौली पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## जमीन पर कब्जे का विरोध, तहरीर दी

**बहेड़ी।** गांव अरसियाबोझ में पैतृक भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। ग्राम ऐठपुरा निवासी खरगेश शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर जमीन पर जबरन दीवार खड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार अतरसिसौधा में गाटा संख्या 619 की 1.5660 हेक्टेयर भूमि पर उसका मालिकाना हक है। आरोप है कि 13 सितंबर को कुछ लोग खेत पर पहुंचे और दीवार बनाने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि भूमि के बंटवारे का आदेश उपजिलाधिकारी द्वारा पहले ही पारित किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार जमीन को लेकर विवाद काफी समय से चला आ रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# तेज तूफान से टीयर खेड़ा में भारी नुकसान, पेड़ गिरने से भैंस की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज / फतेहगंज पश्चिमी।** गुरुवार सुबह क्षेत्र में आए तेज तूफान से ग्राम टीयर खेड़ा में काफी नुकसान हुआ। तूफान के दौरान पेड़ गिरने से छेदा लाल की एक भैंस की मौत हो गई, जबकि दूसरी भैंस घायल हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने पेड़ हटाकर दोनों पशुओं को बाहर निकाला। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर भैंस की मौत की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही।तूफान के दौरान मंदिर परिसर में खड़ा बरगद का विशाल पेड़ जड़ समेत उखड़कर सड़क पर जा गिरा। पेड़ इतना बड़ा था कि उसने गांव के मुख्य मार्ग को पूरी तरह घेर लिया। इससे फतेहगंज पश्चिमी से टीयर खेड़ा होते हुए पनबढ़िया और भोलापुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण पेड़ को हटाकर मार्ग खोलने के प्रयास में जुटे रहे।तेज हवा के कारण गांव में कई अन्य पेड़ भी उखड़कर गिर गए। कुछ पेड़ बिजली के खंभों पर गिरने से खंभे टूट गए और विद्युत तार क्षतिग्रस्त हो गए। इससे गांव की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। वहीं, तेज तूफान से खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसल भी गिर गई। कई किसानों की फसल को नुकसान पहुंचने से उन्हें आर्थिक क्षति हुई है।

## धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री मोदी का 76वां जन्मदिन

**आंवला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर समाजसेवी निहाल सिंह लोधी की ओर से गुरुवार को कस्बे के बरातघर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरनलाल लोधी ने कहा कि भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विशेष अभियान चला रही है। उन्होंने लोगों से घरों के दरवाजे पर दीपक जलाने का आह्वान किया। अंत में लोगों ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की।




# संकल्प सेवा अभियान के तहत 35 लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** संकल्प सेवा अभियान के तहत तहसील सभागार में एक.कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विश्वकर्मा सम्मान योजना के पांच, दैवीय आपदा से आच्छादित 10, खाद्य एवं रसद विभाग के 10, दिव्यांगजन कल्याण योजना के पांच तथा कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पांच लाभार्थियों संबंधित योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। अधिकारियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान एसडीएम आंवला सुशील कुमार मिश्रा, सीओ आंवला हेमंत उपाध्याय, आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक प्रमुख पति वेदप्रकाश यादव, रामनगर ब्लॉक प्रमुख पति मित्रपाल आदि मौजूद रहे।

# अनूठे अंदाज में मना पीएम का जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ कहीं दीपदान तो कहीं हुआ रक्तदान

**फरीदपुर (बरेली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा दिवस के रूप में सरकारी महकमों, विद्यालयों के अलावा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विशेष तरीकों से मनाया। फरीदपुर में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने गुरुवार की सुबह सेवा संकल्प वाटिका में वन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। इस दौरान एसडीएम विदुषी सिंह व क्षेत्रीय वन अधिकारी ऋषि ठाकुर व वन विभाग के कर्मचारी साथ रहे। तत्पश्चात शाम को 4:00 बजे नगर में स्टेशन रोड स्थित भारत माता मंदिर पर सनातनी विचारधारा को संबल प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया गया। सुंदर कांड पाठ समापन के बाद आरती, प्रसाद वितरण व मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलित किये गये। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतुल अग्रवाल के संयोजन में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एमएलसी कुंवर महाराज सिंह के अलावा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, विधायक स्व. डॉ श्याम बिहारी लाल के पुत्र भाजपा नेता ईशान ग्वाल, भाजपा नेत्री सोनम ग्वाल, छत्रपाल दिवाकर, रामेश्वर प्रसाद, अनिल राणा, अमिताभ सिंह, ओमवीर गुर्जर, पुष्पेंद्र यादव, संजीव शुक्ला, चंदन शुक्ला, सत्येंद्र सिंह लवी, सुखदेव वाल्मीकि, अम्बर पाण्डेय आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। सूर्यास्त के बाद शाम 7 बजे सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में 'आशीर्वाद के दीये' कार्यक्रम के तहत अध्यापकों व छात्र छात्र-छात्राओं ने दीये जलाकर संस्थानों में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। वहीं भाजपा के जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां जिले के अलावा फरीदपुर क्षेत्र के तमाम भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर रक्तदान शिविर में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और रक्तदान कर मोदी जी के प्रति अपने प्रेम के भाव को प्रकट किया साथ ही रक्तदान कर वास्तविक रूप से सेवा दिवस को सार्थक किया।




## एक नजर

### किराये पर दिए बर्तन और सामान वापस नहीं लौटाने का आरोप

**भमोरा।** शादी-समारोह में किराये पर बर्तन देने वाले बल्लिया निवासी पुनीत गुप्ता ने सिरसा बिच्छुरइया निवासी दो लोगों पर लाखों रुपये कीमत के बर्तन और अन्य सामान वापस न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने भमोरा थाने में शिकायत देकर सामान या उसकी कीमत दिलाने की मांग की है। पुनीत के अनुसार करीब तीन माह पहले दोनों व्यक्ति उनके पास आए और किराये पर बड़े भगोने व अन्य सामान लिया। उन्होंने 32 बड़े भगोने 50 रुपये प्रति भगोना प्रतिदिन की दर से दिए। इसके बाद दोनों आठ भगोने, चार परात और एक भट्ठी समेत अन्य सामान भी ले गए। सामान वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे। पीड़ित के मुताबिक करीब 1.15 लाख रुपये किराया बकाया है और सामान की कीमत करीब 2.80 लाख रुपये है।

# एसआरएमएस के इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में विश्वकर्मा पूजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान संस्थानों की वर्कशॉप को फूलों से सजाया गया और मशीनों व औजारों का विधिवत पूजन किया गया।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की वर्कशॉप में सुबह नौ बजे चेयरमैन देव मूर्ति ने पूजा का शुभारंभ किया। भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद संस्थान के पुजारी ने हवन-पूजन कराया। मैकेनिकल विभाग के विद्यार्थियों और मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ. अनुज कुमार, वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु सिंह, डायरेक्टर फार्मेसी डॉ. अमित कुमार शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ. सौरभ गुप्ता, चीफ प्रॉक्टर ई. विवेक यादव समेत विभागाध्यक्ष, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। उधर, श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने पूजा-अर्चना और हवन किया। उन्होंने मशीनों व उपकरणों का पूजन किया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, पैरामेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जसप्रीत कौर, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, वाइस प्रिंसिपल डॉ. रोहित शर्मा, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सीएम चतुर्वेदी, जीएम एडमिनिस्ट्रेशन कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ. राजा माजी समेत विभागाध्यक्ष, फैकल्टी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मरीजों को फल बांटकर शुरू हुआ सेवा संकल्प अभियान

**फतेहगंज पश्चिमी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फतेहगंज पश्चिमी में "सेवा संकल्प अभियान" की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच पहुंचकर उन्हें फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। विधायक डॉ. वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को इस बार सेवा और जनकल्याण के संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व बीमार लोगों की सेवा करना समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है और इसी भावना के साथ सेवा संकल्प अभियान के जरिए आमजन तक मदद पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ. संचित शर्मा ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को न केवल बेहतर चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं, बल्कि उनकी अन्य जरूरतों का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सेवाभाव से जुड़े आयोजन मरीजों का हौसला बढ़ाने का काम करते हैं। उन्होंने भी मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश शर्मा, राजीव शर्मा, डॉ. निशा, डॉ. दीपाली, सौरभ पटेल समेत सीएचसी स्टाफ के कई सदस्य और अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### बी.डी.एम. पब्लिक स्कूल में मनाई विश्वकर्मा जयंती



**मीरगंज।** बी.डी.एम. पब्लिक स्कूल में विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में उपयोग होने वाली सभी मशीनों एवं वाहनों की विधिवत पूजा की गई तथा उनके सुचारु एवं सुरक्षित संचालन की कामना की गई। विद्यालय परिवार ने भगवान विश्वकर्मा से सभी के सुख, समृद्धि एवं कार्यों में सफलता की प्रार्थना की। इस पावन अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री अचल मिश्रा ने अपने संबोधन में विश्वकर्मा जयंती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, कौशल एवं तकनीकी दक्षता के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी को अपने कार्य के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी बनाए रखने तथा कर्म के माध्यम से निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. चारु खन्ना ने भी इस अवसर पर सभी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि प्रत्येक कार्य को लगन, अनुशासन एवं कुशलता के साथ करना ही इस पर्व की सच्ची भावना है। पूजा-अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रदीप शर्मा, रोहित शर्मा, राजीव पांडेय एवं सुरेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। उनके सहयोग से संपूर्ण कार्यक्रम व्यवस्थित एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समस्त विद्यालय परिवार ने भगवान विश्वकर्मा से विद्यालय की प्रगति, सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।



### मीरगंज चीनी मिल में उत्साह से हुई विश्वकर्मा पूजा

**मीरगंज।** स्थानीय मीरगंज चीनी मिल (फॉरएवर ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड) में बृहस्पतिवार को भगवान विश्वकर्मा पूजा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। पूजा कार्यक्रम में मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर सुख-समृद्धि एवं मिल के निरंतर उन्नति की कामना की। मिल के यूनिट हेड विजयवीर सिंह एवं महेंद्र अग्रवाल ने जजमान के रूप में पूजा संपन्न कराई। आचार्य कुलदीप शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। पूजा के दौरान मिल परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग से पूजा में सहभागिता की। पूजा समापन के बाद मिल परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक यांत्रिक महेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना प्रदीप कुमार, महाप्रबंधक उत्पादन अभिषेक शर्मा, महाप्रबंधक लेखा जय गोपाल चावला समेत मिल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### टाइपिंग टेस्ट में तीन बार फेल कर्मचारी पदावनत, राजस्व गबन में कनिष्ठ सहायक की सेवा समाप्त

**बरेली।** सरकारी कामकाज में लापरवाही और वित्तीय अनियमितता पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सख्त कार्रवाई की है। मीरगंज तहसील में तीन बार टाइपिंग टेस्ट में असफल रहे कनिष्ठ सहायक रेहान खान को पदावनत कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बनाया गया है। रेहान की नियुक्ति 2021 में मृतक आश्रित कोटे से हुई थी। वहीं फरीदपुर में राजस्व वसूली की रकम के गबन के मामले में कनिष्ठ सहायक रहे अंशु वर्मा (शर्मा) की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। प्रशासन के अनुसार जांच में आरोप सिद्ध होने के बाद यह कार्रवाई की गई। कंचित चौधरी, राहुल कुमार और लक्ष्मी सक्सेना को टाइपिंग दक्षता सुधारने के लिए दो माह का अंतिम अवसर दिया गया है। डीएम ने मानकों की अनदेखी पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुनका में सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**मीरगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुनका में सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मुन्नू गंगवार और भाजपा मंडल अध्यक्ष केशव गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुनका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और आशा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। आयोजन के माध्यम से प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की गई। इस अवसर पर डॉ. शोएब खान, डॉ. वसीम, फार्मासिस्ट रोहित बिष्ट, एएनएम चमन बी, समाजसेवी मुजीब उर रहमान नरेश सहित समस्त आशाएं उपस्थित रहीं।

# सेवा संकल्प अभियान में भारी रक्तदान

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को 300 बेड रीजनल अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, चिकित्सकों, युवाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया।

शिविर में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक मीरगंज डॉ. डीसी वर्मा, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य बहरोन लाल मौर्य, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय, प्रशांत पटेल, मंडलायुक्त शंभू कुमार, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लईक सहित अधिकारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद निर्धारित मानकों के अनुसार रक्त संकलित किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिविर के माध्यम से 'करो रक्तदान, बचाओ किसी की जान' का संदेश दिया गया। जिला प्रशासन ने लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग की अपील की।

## नाबालिग को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**बहेड़ी।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आठ सितंबर को नाबालिग की मां ने गांव के ही युवक के खिलाफ तहरीर देकर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी और आरोपी की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांव बांस बोझ स्थित शिव मंदिर के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# मिलावटखोरों पर फूटा प्रशासन का गुस्सा, 20.75 लाख का लगा जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत 25 मामलों का निस्तारण करते हुए संबंधित कारोबारियों पर कुल 20 लाख 75 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। कार्रवाई अधोमानक खाद्य पदार्थों के नमूने मिलने और बिना पंजीकरण कारोबार करने के मामलों में की गई। सबसे अधिक चार लाख रुपये का जुर्माना खण्डेलवाल खाद्य तेल प्राइवेट लिमिटेड पर लगाया गया। इसमें अधोमानक खाद्य तेल बेचने पर ढाई लाख रुपये और बिना अनुज्ञप्ति कारोबार करने पर डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड शामिल है। अभिषेक खुदरा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अधोमानक लीची पेय के निर्माण और बिक्री के मामले में ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं सुभाष पारंपरिक भारतीय नमकीन पर चिंटू ब्रांड की अधोमानक नमकीन बेचने के मामले में डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया। इसके अलावा 22 अन्य कारोबारियों के खिलाफ भी खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के मामलों में अर्थदंड की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता करने और निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# आंधी-बारिश से गिरी दीवार, महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** गुरुवार सुबह तेज आंधी और बारिश ने जिले में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सीबीगंज के बल्लाकोठा गांव में पशुओं के लिए चारा डालने गई 25 वर्षीय गणेशी देवी के ऊपर मकान की दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी।

हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतका के पति कृष्ण पाल औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। उनके दो बेटे आयान (7), सुजान (11 माह) और पांच साल की बेटी नंदनी है। बच्चों समेत परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर सीबीगंज इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ पहुंचे। राजस्व टीम ने भी मौके का जायजा लिया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आंधी-बारिश से शहर के करीब 12 फीडर प्रभावित हुए। जिले में लगभग 15 बिजली पोल टूटने और 15 स्थानों पर पेड़ गिरने की जानकारी है। तार टूटने और उपकेंद्रों में पानी भरने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। किला क्षेत्र के स्वाले नगर में पुराना पेड़ गिरने से दिल्ली हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ। पेड़ हटाने के लिए संबंधित टीमें लगाई गईं। वहीं 33 केवी मढ़ीनाथ लाइन ब्रेकडाउन होने से जुड़े सभी पोषक बंद हो गए। बिजली आपूर्ति सामान्य होने में चार से पांच घंटे लगने की बात कही गई। विभागीय टीमें व्यवस्था बहाल करने में जुटी रहीं।

# गणेश विसर्जन को लेकर पुलिस ने कसी कमर प्रतिमा स्थलों पर 24 घंटे रहेगी निगरानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- एसएसपी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा, जुलूसों में बॉक्स फॉर्मेशन और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता के निर्देश

**बरेली।** गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर बरेली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने बुधवार देर रात गूगल मीट के माध्यम से जिले के पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में विसर्जन जुलूसों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने कहा कि प्रमुख विसर्जन जुलूसों में पुलिस बल को बॉक्स फॉर्मेशन में लगाया जाए, ताकि जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। सभी गणेश प्रतिमा स्थलों पर दो शिफ्टों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस अधिकारियों को विसर्जन मार्गों और संवेदनशील स्थानों का पहले से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखने को कहा गया। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर रहेगी। एसएसपी ने सोशल मीडिया सेल को लगातार सक्रिय रखने तथा अफवाह, भड़काऊ या भ्रामक सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त करने को कहा गया। डायल-112, पीआरवी और थाना पुलिस को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने थानों पर आने वाली शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण करने पर जोर दिया। इसके अलावा जिले में 'संवाद कार्यक्रम' दोबारा शुरू करने की बात कही गई। इसके तहत थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारी स्थानीय लोगों व गणमान्य नागरिकों से नियमित संवाद करेंगे। बैठक में एएसपी, सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प के रूप में मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** सेवा संकल्प माह कार्यक्रम की जिला समिति सदस्य श्रुति गंगवार की अगुवाई में गुरूवार को सेवा संकल्प के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन दिवस बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें उनके दीर्घायु होने की कामना की गई।

नगर पालिका परिषद, मोहल्ला शाहगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर, गौंटिया सिंह मंदिर तथा मोहल्ला जाजूनागर के अंबेडकर भवन आदि स्थानों पर सेवा संकल्प के साथ " सेवा का दीपक " नाम से दीपोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रुति गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 सालों की यात्रा सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यात्रा है और इसी कारण भारत विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ चला है। पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने प्रधानमंत्री का नेतृत्व हम सभी को सेवा तथा जन कल्याण के कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर से प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष पति बाबी जायसवाल, ई ओ शशि प्रभा चौधरी, जयेंद्र पाल, मोहन सिंह, हरीश मौर्य, जितेंद्र सक्सेना, अभिषेक गंगवार, खुशी शर्मा, हुकुम सिंह, रमेश सिंह तथा सेमेंद्र प्रजापति समेत कई अन्य शामिल रहे।

# बिना नंबर की बाइक ने खोला चोरी का राज, ससुराल जाते समय पकड़ा गया युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

- रात की चेकिंग में आंवला पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी, जांच में निकली चोरी की मोटरसाइकिल

**बरेली।** आंवला पुलिस ने देर रात वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल चला रहे युवक को पकड़कर चोरी के मामले का खुलासा किया। चेसिस नंबर की जांच कराने पर मोटरसाइकिल चोरी की निकली।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 16/17 सितंबर की रात उपनिरीक्षक होराम सिंह टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान अलीगंज से आंवला कस्बे की ओर आने वाले मार्ग पर मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की गई। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की बाइक सवार मुस्तकीम पुत्र नवी हसन निवासी लक्ष्मणपुर, थाना चन्दोसी, जिला संभल को रोक लिया। बाइक के चेसिस नंबर की ई-चालान प्रणाली से जांच की गई तो उसका पंजीकरण नंबर यूपी 25 सीसी 6052 सामने आया। वाहन के स्वामी का नाम आंवला निवासी पटवारी लाल निकला। पुलिस ने वाहन स्वामी से संपर्क किया तो उन्होंने मोटरसाइकिल चोरी होने की पुष्टि की। पूछताछ में मुस्तकीम ने पुलिस को बताया कि उसने कुछ दिन पहले आंवला तहसील से मोटरसाइकिल चोरी की थी। बाइक की नंबर प्लेट हटाकर वह उसे ठेले में तब्दील कराने की तैयारी कर रहा था। इसी वजह से वह बिना नंबर प्लेट के वाहन चला रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी की बाइक लेकर आंवला कस्बे के फूटा दरवाजा स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। रास्ते में चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में आंवला थाने में पहले से चोरी का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेण्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

## एक नजर

### कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

**बदायूं।** जिले में कानून–व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए एसएसपी अंकिता शर्मा ने देर रात पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया। एक निरीक्षक समेत 17 उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। इनमें कई चौकी प्रभारी भी शामिल हैं। अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपकर पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की कोशिश की गई है। कछला और लालपुल चौकी से हटाए गए रिंकू कुमार को जरीफनगर की बस्तौई सिकरी चौकी तथा राजू राणा को अलापुर की ककराला चौकी का प्रभारी बनाया गया है। उघैती के अपराध निरीक्षक राजवीर सिंह को दातागंज भेजा गया है। ककराला चौकी प्रभारी गौरव कुमार को इस्लामनगर कस्बा इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई है। नवादा चौकी प्रभारी योगराज सिंह को जरीफनगर की नाधा चौकी भेजा गया है। कादरचौक से स्थानांतरित होकर आए राकेश कुमार वर्मा को नवादा चौकी प्रभारी बनाया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नगला मंदिर में किया गया दीर्घायु यज्ञ का आयोजन

## भाजपा पदाधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर की प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगला मंदिर में पूजा-अर्चना कर दीर्घायु यज्ञ का आयोजन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने यज्ञ में आहुति देकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।


यज्ञ में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष व सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता सहित अन्य।


यज्ञ के बाद आरती करते जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता। –जागरण मोर्चा

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिवस पर पार्टी कार्यकर्ता विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के बीच पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में नगला मंदिर में दीर्घायु यज्ञ कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की प्रार्थना की गई।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के अवसर के रूप में मनाया जा रहा है। पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशसेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया है। उनके जन्मदिवस पर पूजा-अर्चना और यज्ञ कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस दौरान जिला महामंत्री जोगेंद्र सिंह पटेल, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह राठौर, जिला उपाध्यक्ष आशीष शाक्य, जिला उपाध्यक्ष संदीप चौहान, क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रजनी मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष अनुभव उपाध्याय, युवा नेता शिवम सिंह और शकुंतला राठौर समेत पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### 20 घंटे से सैदपुर उपकेंद्र के उपभोक्ता अंधेरे में

**सैदपुर।** सैदपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े करीब 60 गांवों के उपभोक्ता बुधवार रात से बिजली संकट से जूझ रहे हैं। बुधवार रात करीब 10 बजे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हुई थी, जो गुरुवार देर शाम तक भी बहाल नहीं हो सकी। करीब 20 घंटे तक बिजली न आने से लगभग एक लाख की आबादी प्रभावित रही। उमस और गर्मी के बीच लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहने के कारण घरों में लगे इनवर्टर और बैटरियां भी जवाब दे गईं। मोबाइल फोन चार्ज न होने से कई लोगों के फोन स्विच ऑफ हो गए। इससे लोगों को जरूरी संपर्क करने में भी दिक्कत हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की ओर से आपूर्ति बहाल करने में लगातार देरी की गई, जिससे समस्या बढ़ती गई। बिजली के अभाव में घरेलू कामकाज के साथ ही दुकानों और छोटे कारोबार पर भी असर पड़ा। कई लोगों ने मजबूरी में घरों और दुकानों के बाहर जनरेटर लगाकर जरूरी काम निपटाया। वहीं, पेयजल और अन्य दैनिक जरूरतों को लेकर भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय तक बिजली गुल रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई और गर्मी में बुजुर्गों व महिलाओं को भी परेशानी हुई। उपभोक्ताओं ने विभाग से आपूर्ति बाधित होने का कारण स्पष्ट करने और जल्द से जल्द स्थायी समाधान कराने की मांग की है। गुरुवार देर शाम तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं होने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बनी रही। जशवीर सिंह, जेई सैदपुर के अनुसार बड़ी लाइन में फाल्ट होने की वजह से पूरे क्षेत्र की आपूर्ति ठप है। कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं। देर शाम तक सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी।

### सांड़ सामने आया, कार के उड़े परखच्चे, दो दोस्तों की मौत

**उझानी।** मथुरा हाईवे पर कल्याण सिंह चौक के पास देर रात दर्दनाक हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पांच दोस्त कार से चाय पीकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक कार के सामने सांड़ आ जाने से चालक नियंत्रण खो बैठा। कार डिवाइडर से टकराने के बाद तीन बार पलटी और फिर हाईमास्ट लाइट के खंभे से जा भिड़ी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक उझानी के पांच दोस्त बुधवार देर रात बदायूं रोड पर नई खुली चाय की दुकान पर चाय पीने गए थे। करीब दस बजे चाय पीने के बाद सभी कार से वापस उझानी लौट रहे थे। मथुरा हाईवे पर कल्याण सिंह चौक के पास अचानक उनकी कार के सामने सांड़ आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया। बेकाबू कार पहले डिवाइडर से टकराई और इसके बाद सड़क किनारे लगे हाईमास्ट लाइट के खंभे से जा भिड़ी। टक्कर के बाद कार हवा में उछलकर करीब तीन पलटे खाती हुई सड़क पर जा गिरी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें सवार युवक फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकलवाया और राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने सागर और रामकेश को मृत घोषित कर दिया। दो घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार में सवार युवकों में दो सगे भाई भी शामिल थे। इनमें एक भाई की हादसे में मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। वहीं पांचवें दोस्त के हादसे के बाद मौके पर नहीं मिलने की बात सामने आई है। चर्चा है कि वह हादसे के बाद मौके से चला गया। शवों को पोस्टमार्टम को भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### कंस वध के मंचन से गूंजा रामलीला मैदान, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला संपन्न

**बिसौली।** नगर के प्राचीन ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ। मेले के अंतिम दिन मथुरा से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण लीला का मनमोहक मंचन कर दर्शकों को भाव–विभोर कर दिया। मंचन के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कृष्ण की नटखट लीलाओं ने पांडाल में मौजूद श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान पूरा परिसर 'जय श्रीकृष्ण' और 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंजता रहा।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यकर्ताओं और छात्रों ने किया रक्तदान

## बीएल वर्मा बोले- रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम, जरूरतमंदों का बच सकता है जीवन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत रानी अवंतीबाई लोधी शिक्षण संस्थान के सभागार में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, निवर्तमान विधायक धर्मेंद्र शाक्य, वरिष्ठ नेता डीके भारद्वाज और एमएलसी प्रतिनिधि शारदेन्दु पाठक ने फीता काटकर किया। इस दौरान नेताओं ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।


रक्तदान करते भाजपा नेता। –जागरण मोर्चा


रक्तदान करते हैं भाजपा युवा नेता विश्वजीत गुप्ता।

शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रानी अवंतीबाई लोधी शिक्षण संस्थान के छात्रावास में रहने वाले बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा और जनकल्याण की भावना प्रमुख रही है। उनके जन्मदिवस पर रक्तदान मानव सेवा के प्रति समर्पण का परिचायक है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर सेवा भावना को समर्पित पहल है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि रक्तदान बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंद की सहायता करने का माध्यम है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं और कार्यकर्ताओं को सामाजिक सेवा से जोड़ते हैं। निवर्तमान विधायक धर्मेंद्र शाक्य और वरिष्ठ नेता डीके भारद्वाज ने भी रक्तदान को मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस मौके पर एमपी सिंह राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, सुधीर श्रीवास्तव, सोवरन सिंह राजपूत, नत्थू लाल वर्मा, शैलेंद्र मोहन शर्मा, जोगेंद्र सिंह पटेल, अजय तोमर, उमेश राठौर, विश्वजीत गुप्ता, अनुभव उपाध्याय, शीराज आलम और रानी सिंह पुंडीर समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दहेज हत्या के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में उझानी कोतवाली में खड़े दोनों आरोपी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी।** दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे पति-पत्नी को उझानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस के अनुसार, अपराध नियंत्रण और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना उझानी पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने मुकदमा में वांछित राजीव साहू पुत्र द्वारिका प्रसाद और उसकी पत्नी प्रवीना साहू को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी रेलवे रोड स्थित रामलीला मैदान के पास, कस्बा व थाना उझानी के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रवीण चौहान और थाना उझानी पुलिस टीम शामिल रही।

# सेवा संकल्प अभियान में डॉ. शैलेश पाठक ने बांटे दीप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को दातागंज नगर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने लोगों को दीप वितरित किए और सेवा, सहयोग तथा सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया।


घर–घर दीप वितरित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शैलेश पाठक। –जागरण मोर्चा

डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से जरूरतमंदों की मदद के लिए निरंतर आगे आने का आह्वान किया।

दीप वितरण कार्यक्रम के दौरान नगर के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यकर्ताओं ने भी अभियान के उद्देश्यों को लोगों तक पहुंचाने और सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लोगों को एक-दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में राकेश वर्मा, सुधीर अग्निहोत्री, गंगासहाय कश्यप, सुमित पाठक, संदीप मिश्रा, सतेन्द्र ठाकुर, अंकित मिश्रा, जितेन्द्र मैथिल, कौशल मैथिल, विनोद, वीरेश यादव, रमेश यादव और ओमेंद्र कश्यप समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### दो माह तक जिंदगी से जंग, आखिर हार गई आरती

**बदायूं।** सिविल लाइंस क्षेत्र में बदायूं-बिजनौर हाईवे पर कुरऊ बिजलीघर के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय महिला की करीब दो माह बाद मौत हो गई। बुधवार को दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान आरती ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद से परिजन उसके स्वस्थ होने की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। महमूदपुर निवासी आरती पत्नी कुलदीप 18 जुलाई को अपने रिश्तेदार आशा देवी निवासी बसावनपुर थाना मुजरिया के साथ बाइक से बदायूं से बिल्सी की ओर जा रही थीं। कुरऊ बिजलीघर के पास उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सेवा संकल्प अभियान में बदायूं के युवा मोर्चा पदाधिकारी ने लिया भाग

## 20 दिवसीय मां नर्मदा सेवा यात्रा में मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह तोमर हुए शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' की थीम पर वाराणसी से प्रधानमंत्री के जन्मस्थान वडनगर तक विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में मां नर्मदा सेवा यात्रा का आयोजन भी किया जा रहा है।


कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार।

इस 20 दिवसीय सेवा यात्रा में भारतीय जनता युवा मोर्चा बदायूं के पदाधिकारी ने भी प्रतिभाग किया। जनपद बदायूं की 117 विधानसभा के गौंतरा मंडल के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह तोमर मां नर्मदा सेवा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान सेवा, सामाजिक सहभागिता और जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया जाएगा। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को सेवा कार्यों से जोड़ना और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करना बताया गया है। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क और सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

अरविंद कुमार सिंह तोमर ने कहा कि सेवा कार्य समाज को जोड़ने का माध्यम हैं। युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से युवाओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिल रहा है।

यात्रा में बदायूं से प्रतिनिधित्व होने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे संगठनात्मक गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी के रूप में बताया। 20 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में विभिन्न सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया जाएगा।

**संकल्प** — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सीएचसी दातागंज में भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने मरीजों से जाना हालचाल

# सेवा संकल्प अभियान में भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने मरीजों को बांटे फल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए।


दातागंज सीएचसी पर फल वितरित करते भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक। –जागरण मोर्चा

इस दौरान डॉ. शैलेश पाठक ने मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सेवा और उनकी सहायता करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सेवा कार्यों के माध्यम से लोगों के बीच सहयोग और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया, ताकि उनके साथ कुछ समय बिताकर उनका मनोबल बढ़ाया जा सके।

फल वितरण कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी सहभागिता की। कार्यकर्ताओं ने मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत की तथा अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों को फल वितरित किए गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस 17 सितंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दातागंज में आयोजित फल वितरण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यों में भागीदारी निभाई।

### किशोरी के साथ आपत्तिजनक फोटो वायरल होने पर हिंदू संगठनों में आक्रोश

**उसहैत।** नगर थाना क्षेत्र स्थित फैमिली हॉस्पिटल एंड जच्चा-बच्चा केंद्र के संचालक के साथ एक किशोरी की कथित आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल होने का मामला सामने आया है। वायरल सामग्री को लेकर क्षेत्र के कुछ हिंदू संगठनों और पदाधिकारियों में आक्रोश है। संगठनों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में करणी सेना के जिलाध्यक्ष राहुल मैसी, किसान शक्ति के जिलाध्यक्ष शिव गुप्ता, व्यापार शक्ति के मंडल अध्यक्ष रवि गुप्ता, मंडल मंत्री बृजेश गुप्ता समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।

# विद्युत उपकेंद्र में विधि-विधान से की गई विश्वकर्मा पूजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को कुंवरगांव विद्युत उपकेंद्र में धार्मिक माहौल रहा। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद आरती उतारी गई और कर्मचारियों को प्रसाद वितरित किया गया।

अवर अभियंता मोहम्मद मियां कुरैशी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा को नमन कर विद्युत व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और अपने कार्यों में सफलता की कामना की। इस दौरान उपकेंद्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़े उपकरणों, मशीनों और अन्य तकनीकी संसाधनों की भी पूजा की गई।


भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

कर्मचारियों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, शिल्प और तकनीकी कार्यों का देवता माना जाता है। विद्युत विभाग में मशीनों और उपकरणों का विशेष महत्व है, इसलिए विश्वकर्मा जयंती पर उनकी पूजा कर कार्यस्थल की सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना की गई।

पूजा-अर्चना के दौरान उपकेंद्र परिसर में कर्मचारियों ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए एक-दूसरे को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर टीजी-2 पंकज कुमार, एसएसओ सतीश, संविदा कर्मी जापान सिंह, प्रेमपाल, मंगली, सुमित और राजीव समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रोत्साहन राशि को मानदेय में बदलने की मांग, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में रोष

## आसफपुर परियोजना की मासिक बैठक में उठी मांग, वीर कुमारी बनीं ब्लॉक अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय



धरने को संबोधित करतीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा




मांगों को लेकर पैदल मार्च करते आंगनवाड़ी कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान के प्रांगण में गुरुवार को आसफपुर परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकत्रियों ने प्रोत्साहन राशि (पीएलआई) को मूल मानदेय में शामिल किए जाने की मांग उठाई। कार्यकत्रियों ने एक स्वर में कहा कि प्रोत्साहन राशि को मानदेय में बदले जाने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांग को लेकर संगठन लगातार आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रोत्साहन राशि को मूल मानदेय में शामिल किए जाने तक संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष खजाना देवी, जिला कोषाध्यक्ष कुमकुम जौहरी और जिला महासचिव शोभा वर्मा ने भी विचार रखे।

इस दौरान आसफपुर परियोजना की कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से वीर कुमारी को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। न्याय पंचायत मुसिया नगला से मंजू रानी, वीरवाला और सर्वेश, पृथ्वीपुर से प्रीति शर्मा व सुनीता, राजटिकौली से शारदा कुमारी, राजवती व रीना, सीकरी से हीरेश्वरी, गुलड़िया से सरिता तथा निजामुद्दीनपुर शाह से पंकज सक्सेना को कार्यकारिणी में नामित किया गया। बैठक में सुनीता देवी, नेक्सा देवी, सुधा देवी, मंजू रानी, विनीता देवी, प्रीति देवी, शारदा कुमारी, पुष्पा देवी, खजाना देवी, शोभा वर्मा, कुमकुम रानी और शांति देवी समेत अन्य कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# ड्राइवर डे पर चालकों की निशुल्क आंखों की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय



ड्राइवर डे पर केक काटकर खुशियां मनाते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नगर के इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप मैसर्स ए.आर. फिलिंग सेंटर पर बृहस्पतिवार को ड्राइवर डे मनाया गया। इस दौरान केक काटकर चालकों को शुभकामनाएं दी गईं। कैंप में चालकों की निशुल्क आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं।

जनपद के सेल्स ऑफिसर अक्षत सहाय और डीलर रवि प्रकाश अग्रवाल ने चालकों के साथ संयुक्त रूप से केक काटा। अक्षत सहाय ने इंडियन ऑयल कंपनी के एक्स्ट्रा पावर फ्लीट कार्ड से वाहन मालिकों और ड्राइवरों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने चालकों से फ्लीट कार्ड का लाभ उठाने की अपील की। डीलर रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि वाहन चालकों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कार्यक्रम उपयोगी हैं। उन्होंने चालकों से अपने वाहनों के फ्लीट कार्ड बनवाने की अपील की। कार्यक्रम में रोहित कुमार, मुकुंद प्रकाश, आसिफ, अक्षय, सचिन, धर्मपाल, प्रेमवीर, राम खिलाड़ी, रजनीश, योगेश, किशोर, नन्हे, धीरेन्द्र और देवेंद्र समेत बड़ी संख्या में चालक मौजूद रहे।

## फंदे की कहानी निकली झूठी, गर्भवती विवाहिता की गला दबाकर हत्या

**बदायूं।** उसावां थाना क्षेत्र के गांव गुरा बरैला में 23 वर्षीय गर्भवती विवाहिता रोशनी की मौत का मामला हत्या में बदल गया। ससुराल पक्ष ने विवाहिता के फंदे पर लटककर आत्महत्या करने की बात कही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में रोशनी के गर्भवती होने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने मायके पक्ष की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दातागंज क्षेत्र के गांव कोली निवासी कुमारपाल पुत्र गोविंद राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी रोशनी की शादी छह फरवरी 2026 को गुरा बरैला निवासी जितेंद्र पाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में बुलेट बाइक की मांग को लेकर रोशनी को परेशान करते थे।

# अस्पताल में भर्ती मरीजों का जाना हालचाल, चिकित्सकों की सलाह के बाद किया फल वितरण





सहसवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फल वितरण करते भाजपा नेता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा की ओर से 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकर्ता सुबह अस्पताल पहुंचे और अस्पताल प्रशासन से अनुमति लेने के बाद विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना।

कार्यकर्ताओं ने चिकित्सकों से जानकारी ली कि किन मरीजों को फल दिए जा सकते हैं। इसके बाद चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार मरीजों और उनके तीमारदारों के बीच फल वितरित किए गए। इस दौरान अस्पताल स्टाफ ने भी सहयोग किया। मरीजों ने कार्यकर्ताओं द्वारा हालचाल जानने और फल वितरण करने पर आभार जताया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा पखवाड़े का उद्देश्य प्रधानमंत्री के सेवा और समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। जन्मदिवस को उत्सव के बजाय सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अस्पताल में किया गया फल वितरण भी इसी अभियान की कड़ी है।

# बाल अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर पुलिस ने कसी कमर

जागरण मोर्चा कार्यालय




बाल अपराध की जानकारी साझा करते अधिकारी व कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में एसजेपीयू (विशेष किशोर पुलिस इकाई) एवं एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) की मासिक प्रशिक्षण, समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित हुई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में बच्चों से जुड़े अपराधों की रोकथाम और पीड़ित बच्चों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बच्चों के विशेष रेस्क्यू अभियान, बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति की रोकथाम, मानव तस्करी और अनैतिक देह व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही गुमशुदा बालक-बालिकाओं की बरामदगी, मेडिकल परीक्षण, धारा 183 बीएनएस के तहत बयान, सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुतिकरण, पॉक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों और विवेचना के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान पर मंथन किया गया।

एएसपी ग्रामीण ने बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बरामद होने वाली पीड़िताओं के चिकित्सीय परीक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। पीड़िता की बरामदगी पर पॉक्सो सपोर्ट पर्सन को सूचना देने तथा बच्चों की सीडब्ल्यूसी के समक्ष शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग एवं सूचना सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में अनुसंधान एवं अभियोजन, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के कर्तव्यों, किशोर न्यायालय से संबंधित प्रक्रिया तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मिशन शक्ति के तहत महिला सम्मान से जुड़े शासन के निर्देशों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।

अधिकारियों ने 1098, 1090, 181, 108, 102, 1076, 101, 112, 1930 और 14459 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए थानों में इनके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

बैठक में वन स्टॉप सेंटर, बाल संरक्षण अधिकारी, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, चिकित्सा विभाग, महिला सहायता प्रकोष्ठ, जीआरपी, आरपीएफ, पॉक्सो सपोर्ट पर्सन, महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एनजीओ कार्यकर्ता तथा थाना एएचटी के कर्मियों सहित जनपद के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बैठक में दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करने की सहमति जताई।

# दिल्ली से घर आया युवक छत पर फंदे से लटका मिला, मौत से मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव शेखूपुर निवासी 35 वर्षीय वसीम खां पुत्र नसीम खां की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने से मौत हो गई। उसका शव शहर के कबूलपुरा स्थित घर की छत पर फंदे से लटका मिला। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया गया कि वसीम खां पिछले करीब दो वर्षों से अपने बच्चों के साथ कबूलपुरा में रह रहा था। रोजी-रोटी के सिलसिले में वह दिल्ली के ब्रह्मपुरी इलाके में रहकर गत्ते की फैक्ट्री में डिब्बे बनाने का काम करता था। बुधवार को वह दिल्ली से अपने घर कबूलपुरा आया था। शाम को परिवार के साथ खाना खाने के बाद वह छत पर चला गया।

कुछ देर बाद परिजनों को उसके फंदे पर लटके होने की जानकारी हुई। घर में चीख-पुकार मच गई और आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाने के बाद शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

वसीम ने किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# तेज आंधी-बारिश में कई पेड़ धराशायी, फसलों को नुकसान

## सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित, कई पशु दबे; मकानों में आई दरारें

जागरण मोर्चा कार्यालय



पेड़ गिरने से रास्ते में खड़े बाइक सवार। -जागरण मोर्चा



खाली जगह में खड़ा पेड़ मकान पर गिरा, क्षतिग्रस्त।



पेड़ गिरने से कच्ची झोपड़ी हुई तहस-नहस।

**बदायूं।** क्षेत्र में गुरुवार दोपहर अचानक तेज आंधी के साथ हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज हवा के कारण जगह-जगह पेड़ और उनकी बड़ी-बड़ी डालियां टूटकर गिर गईं। इससे कई मार्गों पर आवागमन बाधित रहा। वहीं खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है।

करेगी रोड पर तेज हवा के चलते एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया। इससे मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रुक गई और दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। स्थानीय लोगों ने पेड़ को हटाने का प्रयास किया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। क्षेत्र के अन्य संपर्क मार्गों पर भी पेड़ और डालियां गिरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

आंधी की चपेट में कई कच्चे और पुराने मकान भी आए। कुछ मकानों की दीवारों में दरारें आने की सूचना है। वहीं कई स्थानों पर पेड़ों के नीचे पशु दब गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि, पशुओं के हताहत होने या नुकसान का विस्तृत आंकड़ा सामने नहीं आया है।

तेज हवा और बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान हुआ। किसानों के मुताबिक कई जगह फसलें जमीन पर बिछ गईं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका है। अचानक बदले मौसम से ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन कराने और पीड़ित किसानों व मकान मालिकों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।



आंधी बारिश में गिरे पेड़ को हटाते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**सख्ती** मीटर बायपास कर बिजली इस्तेमाल करने का आरोप, 60 से अधिक बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे

# बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, दो प्रतिष्ठानों में पकड़ी गई चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली चेकिंग करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**सहसवान।** नगर में बिजली चोरी और बड़े बकायेदारों के खिलाफ विद्युत विभाग ने गुरुवार को बड़े स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया। हाई लॉस फीडर टाउन-1 पर अधीक्षण अभियंता बदायूं अजय कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने कई प्रतिष्ठानों और कनेक्शनों की जांच की। अभियान में अधिशासी अभियंता उझानी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

चेकिंग के दौरान शहर के एक नामी फैमिली हॉस्पिटल और एक अन्य बड़े व्यावसायिक परिसर में बिजली चोरी पकड़े जाने का दावा किया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार दोनों स्थानों पर मीटर को बायपास कर बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। टीम ने मौके पर बिजली चोरी की वीडियोग्राफी कराई और नियमानुसार पंचनामा तैयार किया।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठानों के खिलाफ बिजली चोरी की धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद संबंधित मामलों में मुकदमा दर्ज कराने और नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान बड़े बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। टीम ने 60 से अधिक बड़े बकायेदारों की बिजली आपूर्ति काट दी। विभाग के मुताबिक मौके पर ही करीब पांच लाख रुपये की नकद वसूली भी की गई। कार्रवाई से बकायेदारों और बिजली चोरी करने वालों में खलबली मची रही। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने कहा कि बिजली चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्युत चोरी रोकने और राजस्व वसूली के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर के अन्य फीडरों पर भी चेकिंग कर अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बिजली चोरी और बकाया वसूली अभियान सहसवान। विद्युत चोरी रोकने और बकाया राजस्व की वसूली के लिए बिजली विभाग ने गुरुवार को सहसवान नगर में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। हाई लॉस फीडर टाउन-1 पर अधीक्षण अभियंता बदायूं अजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों और विद्युत कनेक्शनों की जांच की। अधिशासी अभियंता उझानी सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अभियान में शामिल रहे।

चेकिंग के दौरान दो बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली चोरी पकड़े जाने की जानकारी विभाग ने दी। इनमें एक फैमिली हॉस्पिटल और दूसरा कमर्शियल परिसर बताया गया है। विभागीय टीम के मुताबिक दोनों स्थानों पर मीटर को बायपास करके विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। टीम ने मौके पर वीडियोग्राफी कराई और चोरी का पंचनामा तैयार किया। अधिकारियों के अनुसार दोनों प्रतिष्ठानों के खिलाफ बिजली चोरी की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। मामले में नियमानुसार जुर्माना लगाने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। चेकिंग अभियान के दौरान विभाग ने बड़े बकायेदारों पर भी शिकंजा कसा। टीम ने 60 से अधिक बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए। अधिकारियों के मुताबिक अभियान के दौरान करीब पांच लाख रुपये की नकद वसूली भी हुई। विभाग की इस कार्रवाई से नगर में बिजली चोरी और बकाया बिल को लेकर लोगों में चर्चा रही।

# सेडोला में दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय



खिलाड़ियों को सील्ड भेंट करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र के गांव सेडोला में बृहस्पतिवार को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी की पत्नी एवं जिला पंचायत सदस्य शकुन प्रेमी ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि शकुन प्रेमी ने कहा कि खिलाड़ी देश की आन-बान-शान हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में खेल और खिलाड़ियों को हतोत्साहित एवं अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर बिसौली विधानसभा क्षेत्र में स्वर्गीय बनवारी सिंह यादव के नाम पर स्टेडियम बनवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी घोषणा समाजवादी पार्टी के नेता सतीश प्रेमी द्वारा पहले ही की जा चुकी है।

प्रतियोगिता के 1600 मीटर दौड़ वर्ग में चेरी ने प्रथम, सुभाष पाल ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में प्रियांशु यादव प्रथम, विवेक यादव द्वितीय और आकाश तृतीय रहे। वहीं 400 मीटर दौड़ में अंतु यादव ने प्रथम, विवेक यादव ने द्वितीय और सुमित यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इस मौके पर कपिल देव, यशवीर यादव, शाकिर हुसैन, टीटू यादव, भूपेंद्र यादव, हरिओम, अनमोल यादव, सुधांशु सिंह, राजेश यादव, आशीष कुमार और विनीत कुमार समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

**एक नजर**



### बुखार से शाहबाद के अधेड़ की चंडीगढ़ में मौत

**शाहबाद।** बुखार आने से शाहबाद के मोहलिया गांव निवासी अधेड़ की चंडीगढ़ में मौत हो गई, अधेड़ चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी का काम करता था और परिवार के साथ चंडीगढ़ में रह रहा था। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहलिया गांव निवासी यादराम का 45 वर्षीय बेटा नरेश चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था, कई दिनों से नरेश बुखार से पीड़ित था, जिसके कारण बीती दिन उसकी मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम छा गया। नरेश अपने पीछे चार बच्चे छोड़ गया है। परिजन नरेश के शव को लेकर उनके पैतृक गांव पहुंचे। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर विकासखंड कार्यालय तिलहर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा मोदी जी के रूप में प्रधानमंत्री पाकर हम सौभाग्यशाली हैं जिनके नेतृत्व में देश चौमुखी विकास की ओर अग्रसर है। ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर राज्यसभा सांसद की अध्यक्षता में आशीर्वाद का दिया नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सरकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। लाभार्थियों से अपने घरों के आगे दिया जलाने की अपील की गई। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर ब्लॉक सभागार में उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान आम नागरिकों सहित जिन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है उनसे प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर हर्ष जताते हुए अपने घरों के आगे एक दिया जलाने का आवाहन किया गया। ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तीन तलाक खत्म कर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने कहा की प्रधानमंत्री के द्वारा सर्वसमाज को उनका सम्मान और उचित स्थान देने का काम किया गया है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अरुण यादव चैनू के द्वारा किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अरुण यादव चैनू जिला पंचायत सदस्य झब्बू सिंह यादव चौहान एडीओ पंचायत, अनिरुद्ध जिला कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व उपसभापति हेतराम गंगवार भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह यादव, प्रेमपाल सिंह, रक्षपाल सिंह यादव, शैलेंद्र शर्मा मंटू, लल्ला यादव, बृजमोहन, सुधीर गंगवार, प्रीति राठौर आदि मौजूद रहे।



ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद व ब्लॉक प्रमुख। -जागरण मोर्चा

### स्मार्ट रोड पर चला विशेष सफाई अभियान

**शाहजहांपुर।** स्वच्छता ही सेवा-2026 के तहत नगर निगम की ओर से गुरुवार को वार्ड संख्या नौ सुभाषनगर स्थित स्मार्ट रोड पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाया गया। 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी समेत अधिकारियों, सफाई मित्रों और पार्षदों ने श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान स्मार्ट रोड की सफाई के साथ सड़क पर जमा पानी की निकासी कराई गई। सड़क किनारे उगी घास की कटाई और पेड़-पौधों की छंटाई भी कराई गई। नगर निगम अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को नियमित रूप से सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी और अपर नगर आयुक्त अजय त्रिपाठी ने अभियान में सहभागिता की। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सीएचसी पर किया रक्तदान



प्रधानमंत्री की जन्म दिवस पर रक्तदान करते डॉक्टर ओमेंद्र राठौर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केजन्म दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा अधीक्षक डा ओमेंद्र राठौर लैब टेक्नीशियन रोहित कुमार सहित चार लोगों ने रक्तदान किया इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वाराब्लॉक परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में निशुल्क रोगियों का निर्णय निशुल्क परीक्षण किया गया और दवाई वितरित की गई इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमेंद्र राठौर अंशुमान तिवारी सचिन कुमार हरिशंकर रोहित कुमार सोनू खन्ना सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# निगोही-तिलहर मार्ग पर आंधी-तूफान का कहर

## जहानपुर से बिरसिंहपुर तक सड़क पर गिरे पेड़ और खंभे





तिलहर ने निगोही मार्ग पर आंधी पानी के बाद गिरे पेड़ से बाधित मार्ग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**निगोही शाहजहांपुर।** गुरुवार को अचानक आई हल्की बारिश के साथ तेज आंधी-तूफान ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। निगोही-तिलहर रोड पर जहानपुर से लेकर बिरसिंहपुर तक सड़क किनारे लगे कई विशाल पेड़ और बिजली के खंभे टूट कर सड़क पर गिर गए। तूफान इतना तेज था कि कई जगहों पर पेड़ जड़ से उखड़ गए और बिजली के तार टूट कर सड़क पर बिखर गए। इससे निगोही-तिलहर मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्रियों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को आने-जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह 10 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब 15-20 मिनट तक चले इस तूफान ने फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। बिजली के खंभे गिरने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंचने की तैयारी में है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मार्ग पर गिरे पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू नहीं हो सका था। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मार्ग को खुलवाने और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

# स्कूली वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्ती, पांच निजी वाहन सीज किए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने बुधवार को जिले में अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की। मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 के तहत स्कूलों के आसपास की गई जांच में पांच निजी वाहनों को विभिन्न थानों में सीज किया। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर 14 से 19 सितंबर तक चल रहे अभियान के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को कई स्कूलों के आसपास वाहनों की जांच की। इस दौरान स्कूली बच्चों के परिवहन में नियमों का उल्लंघन करते मिले पांच निजी वाहनों को पकड़कर थानों में खड़ा कराया गया। जांच के दौरान एक ओवरलोड माल वाहन को थाना रामचंद्र मिशन और एक बस को सेटेलाइट बस स्टैंड पर निरुद्ध किया गया। एक अन्य बस का चालान किया गया। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर दो ऑटो रिक्शा के भी चालान किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान यात्री/माल कर अधिकारी आरपी गौतम, यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पांडेय समेत परिवहन और यातायात विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### शाहबाद के राजमिस्त्री की चंडीगढ़ में हार्ट अटैक से मौत



मृतक कुंवर सिंह।

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के जगेसर गांव में उस समय मातम छा गया, जब ग्रामीणों को पता चला कि उनके गांव के एक 30 वर्षीय युवक की चंडीगढ़ में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के जगेसर गांव निवासी अमर सिंह का 30 वर्षीय पुत्र कुंवर सिंह अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ में रहता था। वह वहां राजमिस्त्री का काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। बुधवार को अचानक हृदय गति रुकने के कारण कुंवर सिंह की मौत हो गई। इस खबर से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कुंवर सिंह अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें एक लड़का और एक लड़की है। अचानक हुई इस घटना से बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग कुंवर सिंह के शव को लेकर देर शाम उनके पैतृक गांव जगेसर लेकर पहुंचे। जहां गमगीन माहौल में परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

### हालत बिगड़ने से मानसिक विक्षिप्त की मौत

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला कानूनगोयान स्थित मजार के सामने रहने वाले ताहिर मियां के बेटे तय्यब उर्फ कल्लू की बुधवार की रात अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। तय्यब मानसिक रूप से कमजोर था। तय्यब को गुरुवार दोपहर बाद सुपुर्द ए खाक किया गया। युवक की मौत से परिजनों और मोहल्ले में शोक की लहर है।

### ससुराल वालों ने विवाहिता को लाठी-डंडों से पीटा, केस

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के धुरियाई गांव में एक विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता रजनी ने अपने पति सुदीप, कमल सिंह और शैलजा पर गाली-गलौज करने और लाठी-डंडों, लात-घूसों से बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, मायके जाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद ससुराल वालों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए बुरी तरह पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### शाहबाद में धूमधाम से मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन, शिवमंदिर में पूजा के बाद मरीजों को बांटे फल



प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शिवमन्दिर में पूजा-अर्चना करते भाजपाई।

**शाहबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शाहबाद के लख्खी बाग स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान भाजपाइयों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पूजा के पश्चात कार्यकर्ताओं ने केक काटा और उपस्थित सभी लोगों में केक का वितरण किया। भाजपाइयों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों में फल, पानी व बिस्किट के पैकेट वितरित किए। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, महेश चंद्रवंशी, अर्पित वशिष्ठ, अमित चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, रामगोपाल मिश्रा और वीरेंद्र फौजी आदि रहे।

# बेसहारा रुखसाना की मदद को आगे आए अजय प्रताप

## कच्चा मकान गिरने पर भेजी मदद और खाद्य सामग्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** बरसात में कच्चा मकान गिरने से खुले आसमान के नीचे आई बुजुर्ग रुकसाना और उनकी बेटी की मदद के लिए, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव आगे आए। जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल टीनशेड और खाद्य सामग्री भिजवाकर मां-बेटी को राहत पहुंचाई। साथ ही जल्द आवास बनवाने का भरोसा भी दिया गया। गांव घुसगवां निवासी रुकसाना की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। उनके पति अहमद की काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद वह अपनी बेटी के साथ कच्ची झोपड़ी में किसी तरह जीवन यापन कर रही थीं। परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है और आय का भी कोई अन्य साधन नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल सका। बरसात के दौरान उनका कच्चा मकान भी ढह गया। इससे मां-बेटी खुले आसमान के नीचे आ गईं। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने तत्काल मदद का निर्णय लिया। उन्होंने टीनशेड और खाद्य सामग्री अपने छोटे भाई प्रधान/ग्राम प्रशासक अभय प्रताप के माध्यम से रुकसाना के घर भिजवाई। अभय प्रताप ने रुकसाना को जल्द आवास बनवाने का भरोसा दिया और इसके लिए जरूरी कागजात भी तत्काल ले लिए। लंबे समय से सरकारी मदद की उम्मीद लगाए बैठीं रुकसाना के चेहरे पर सहायता मिलने से राहत नजर आई। ग्रामीणों ने भी जरूरतमंद



रुखसाना को मदद मुहैया कराते पूर्व जिपं अध्यक्ष के भाई। -जागरण मोर्चा

# विश्वकर्मा जयंती पर सपा कार्यालय में हुई गोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गुरुवार को बिजलीपुरा स्थित सपा जिला कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित हुई। वक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के योगदान और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को याद किया। गोष्ठी में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव, जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, डा. दोदराम वर्मा, अरविंद पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष हफीज अंसारी, महिला सभा जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, नीलम, सविता कठेरिया, जाफरीन, लल्ला सिंह यादव, विपिन यदुवंशी, विपिन यादव, अभय शंकर, महावीर सिंह यादव, महावीर सिंह पाल, राजकुमार रावत, तौसीफ अहमद, सचिन भोजवाल, आनंद शुक्ला, रमाकांत राजवंशी, रेखा सतीश पासी, वकार खान, तस्लीम खान, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, अवनीश कनौजिया, अखिलेश यादव, टिंकू सिंह, अनूप कुमार वर्मा, धर्मवीर सिंह यादव, श्लोक मौर्य, आरिफ खान और रानू खान आदि मौजूद रहे।





शाहजहांपुर में विश्वकर्मा जयंती पर कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**दिक्कत** जरावन और बरेंडा मोड़ के बीच सड़क पर भरा पानी, कई जगह धंसा 394 करोड़ से बना मार्ग

# गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला फोरलेन जलमग्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे से शाहजहांपुर को जोड़ने के लिए बनाए गए नए चारलेन मार्ग की जल निकासी व्यवस्था पहली बारिश में ही सवालों के घेरे में आ गई है। परशुरामपुरी-शाहजहांपुर मार्ग पर जरावन और बरेंडा मोड़ के बीच बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह पानी भर गया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शाहजहांपुर को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए परशुरामपुरी के याकूबपुर चौराहे से शाहजहांपुर के बरेली मोड़ तक चारलेन मार्ग का निर्माण 394 करोड़ रुपये की लागत से राज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कराया है। मार्ग अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन बारिश के बाद सड़क पर जलभराव के साथ ही कई स्थानों पर सड़क धंसने की स्थिति सामने आई है। बारिश के बाद सड़क पर पानी जमा होने से मार्ग की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। वाहन चालकों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सामान्य बारिश में ही यदि सड़क पर इस तरह जलभराव हो रहा है तो तेज बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। नए चारलेन मार्ग से लोगों को बेहतर और सुगम आवागमन की उम्मीद है। ऐसे में उद्घाटन से पहले ही सड़क पर जलभराव और कई स्थानों पर धंसाव सामने आने से निर्माण की गुणवत्ता और जल निकासी व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब देखना है कि जिम्मेदार विभाग मौके का निरीक्षण कर जलभराव और सड़क धंसने की समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्या कदम उठाता है।



गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाला लिंक रोड। -जागरण मोर्चा

### हृदय गति रुकने से जयतोली के ग्रामीण की मौत



मृतक राजेंद्र कुमार।

**शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के जयतोली गांव में बुधवार देर शाम हृदय गति रुकने से ग्रामीण की मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम छा गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जयतोली गांव निवासी राजेंद्र कुमार (38) की बीते दिन अचानक हालत बिगड़ने लगी, परिजन आनन फनान में राजेंद्र को लेकर डॉक्टर के पास पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में मातम छा गया। राजेंद्र कुमार अपने पीछे दो बेटी और दो बेटे छोड़ गए है।

# जर्जर बिजली का खंबा ई रिक्शे पर गिरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम क्षेत्र के मोहल्ला झंडा कलां से घंटाघर जाने वाले मार्ग पर गुरुवार को जर्जर विद्युत पोल अचानक ई-रिक्शा के ऊपर गिर गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा मार्ग से गुजर रहा था, तभी सड़क किनारे खड़ा जर्जर विद्युत पोल अचानक भरभराकर उसके ऊपर जा गिरा। हादसे में चालक पोल की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए भेजा। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र में कई विद्युत पोल जर्जर हालत में हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से इन्हें हटाने या बदलने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने जर्जर पोलों का सर्वे कराकर उन्हें तत्काल हटाने और हादसे के लिए जिम्मेदार विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



ई-रिक्शे पर गिरा बिजली का पोल। -जागरण मोर्चा






**एक नजर**

### मेंथा फर्म पर जीएसटी टीम का छापा

**चंदौसी।** मुरादाबाद जीएसटी की टीम ने गुरुवार को एक मैंथा पर छापा मारा। देर शाम तक मेंथा फैक्ट्री में डटे हुए थे। माना जा रहा है कि जीएसटी की चोरी को लेकर मेंथा फार्म पर छापा मारा गया है। मुरादावाद रोड पर सरस्वती मंदिर इंटर कालेज के सामने वीकेएम कैमीकल्स के नाम से मैंथा फैक्टरी है। इसी मैंथा पर गुरुवार की दोपहर मुरादाबाद की जीएसटी टीम ने छापा मारा। अधिकारियों ने घुसते ही फैक्टरी का गेट बंद करा दिया। किसी को भी अंदर नहीं आने व जाने नहीं दिया। मैंथा फैक्ट्री पर छापेमारी से मेंथा कारोबारी में हड़कंप मच गया। देर शाम तक टीम फैक्ट्री के अंदर मौजूद थी। छापेमारी के पीछे जीएसटी चोरी का मामला माना जा रहा है। असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी आरए सेठ ने बताया कि जीएसटी की चोरी की आशंका के चलते छापेमारी की गई है।अभिलेख खंगाले जा रहे हैं। अभिलेखों की जांच करने के बाद ही कोई स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# भारतीय जनता पार्टी ने रक्तदान शिविर लगाकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर, दवा वितरण एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरविंदर सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने सहभागिता करते हुए रक्तदान एवं जनसेवा के इस अभियान में योगदान दिया। शिविर के दौरान जरूरतमंद लोगों की रक्त जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही अस्पताल में उपचार के लिए उपस्थित मरीजों को राज्यमंत्री द्वारा फल वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की प्रभु से प्रार्थना की। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा ने कहा कि जनसेवा, स्वास्थ्य सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के कार्य समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। भाजपा जिला महामंत्री मनोज कठेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान एवं दवा वितरण शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सेवा करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद संभल के अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्वास बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरविंदर सिंह, कार्यक्रम के संयोजक मनोज कठेरिया एडवोकेट जिला महामंत्री, नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, लता वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, तरुण नीरज, रोहित दिवाकर, माधवेंद्र सिंह राघव, सौरभ कठेरिया, आधार रस्तोगी, संजय बंसल, उदयवीर सिंह यादव, राजेंद्र मौर्य, चिकित्सा विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।


चंदौसी सीएचसी में रक्तदान शिविर में रक्तदान करते चिकित्सक व मौजूद राज्यमंत्री गुलाब देवी और भाजपाई।

## गुरुकुल के बच्चों को उपलब्ध कराया गया भोजन व स्टेशनरी


गुरुकुल के बच्चों को स्टेशनरी किट वितरण करतीं जायंट्स ग्रुप के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सेवा सप्ताह का प्रथम दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ़ वीमेन पावर, प्राइड, एरा एवं संगिनी द्वारा संयुक्त रूप से जारई रोड स्थित के गुरुकुल में बच्चों के भोजन की व्यवस्था की गई। इसके साथ-साथ उनकी पढ़ाई में सहायता करने के लिए उन्हें स्टेशनरी ( कॉपी, पेन, स्टेशनरी किट) भी वितरित की गई, जिससे उनकी पढ़ाई में स्टेशनरी की कमी के कारण कोई बाधा उत्पन्न नहीं हो। गुरुकुल में रहने वाले बच्चों के लिए चप्पलों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ सुधा चौधरी, पदमा भार्गव, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल, अध्यक्ष नीतू सोनी, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, ज्योति ग्रोवर, वंदना, प्राची, रिशु, सुनीता, निधि, सिम्मी, साधना, हिना, गीतू , सारिका, शिप्रा, रितु, मुस्कान, सुरभि, काव्या, प्रियांशी, शिवानी, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएम के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नगर पालिका परिषद में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं अधिशासी अधिकारी सत्येन्द्र प्रकाश ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर केक काटकर किया। इसके बाद पालिकाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा गांधी पार्क परिसर में श्रमदान कर सफाई कार्य किया गया नगर के सभी चौराहो में सफाई अभियान चलाया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रत्येक दिवस एक घंटा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई की नगर को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें इस अवसर पर कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हरित एवं स्वच्छ चंदौसी का संकल्प लिया गया।



चंदौसी नगरपालिका परिषद में फीता काटकर शुभारंभ करती पालिकाध्यक्ष व ईओ।

### हरी झंडी दिखा किया स्वच्छता रैली को रवाना

स्वच्छता के प्रति जन–जागरूकता को स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा ट्रिपल आर वाहन, गौ सेवा को रोटी कलेक्शन वाहन एवं नवीन कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सभी वाहन नगर के विभिन्न वार्डों में सोर्स सेग्रीगेशन, पुन : उपयोग, गौवंश को रोटी संग्रह एवं डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। कार्यक्रम में सभासद गण, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई नायक, पालिका स्टाफ, आईटीसी मिशन सुनहरा कल व आईईसी टीम एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

### जायंट्स ग्रुप व आकांक्षा सोसाइटी ने बनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप सखी सहेली व आकांक्षा समिति की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

जायंट्स ग्रुप सखी सहेली ने कोतवाली जाकर पुलिस अधिकारियों ओर कर्मचारियों के बीच प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संत कुमार को ग्रुप कॉर्डिनेटर सुभाष रस्तोगी ने पटका उड़ाया व ग्रुप की एक शील्ड देकर सम्मानित किया इसके अलावा ग्रुप अध्यक्ष डॉ मधु तोमर ने एक हेड कॉन्टेबल को फटका व शील्ड देकर सम्मानित किया एक सब इंस्पेक्टर सहित दो महिला कर्मियों को भी सम्मानित किया गया तथा स्टाफ सदस्यों को मिठाई वितरित की गई इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष डॉ मधु तोमर, डॉ केके तोमर, सुभाष रस्तोगी, सीमा वर्मा, अंजू राजपूत, रीता बुधियाल, कंचन बाला, ऊषा अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, चेतन गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

वहीं आकांक्षा सोसायटी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन विशेष रूप से मनाया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने मोमबत्तियों की रोशनी से 'हैप्पी बर्थडे नरेंद्र मोदी जी' लिखकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की।

आकांक्षा सोसायटी की अध्यक्ष संगीता भार्गव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वर्ष 2014 में भारत के प्रधानमंत्री बने। इसके बाद 2019 और 2024 में भी उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन युवाओं को कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत, सकारात्मक सोच और देश के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में आकांक्षा सोसायटी के सदस्य शालू, काजल, प्रिया, सिल्की, इशिता, मनप्रीत, अंकिता, मीनू, गौरव, निशा, सोनल, सरिता, शिल्पा, दीपा, हिमांशी, आरती, रूपाली, संतोष, दीपिका, रक्षा, अर्शी, कुमुद, सपना, दीक्षा, लक्षिता, हुमा आदि का सहयोग रहा।


चंदौसी में पुलिसकर्मियों को सम्मानित करतें जायंट्स ग्रुप सखी सहेली के पदाधिकारी।



चंदौसी के एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते बच्चे।

## विद्यालय में छात्र को कुत्ते ने काटा, हालत गंभीर

**चंदौसी।** बनियाठेर क्षेत्र के गांव भगतपुर पहेली में कक्षा में जाते समय 9 वर्षीय छात्र को कुत्ते ने काट लिया। परिजनों ने बालक को उपचार के लिए चंदौसी सीएससी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। बनियाठेर क्षेत्र के गांव भगतपुर पहेली निवासी संदीप सिंह का 7 वर्षीय पुत्र शिव प्रताप सिंह गांव के आरजी पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन का छात्र है। गुरुवार सुबह 10 बजे जब छात्र अपनी कक्षा में जा रहा था तभी कुत्ते ने हमला कर दिया। चीख पुकार सुन स्टाफ मौके पर पहुंचा और छात्र को कुत्ते से बचाया। सूचना पर छात्र के परिजन भी विद्यालय पहुंच गए और छात्र को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्र की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।



चंदौसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प की शपथ लेते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

# व्यापारियों ने मनाया पीएम का जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय जवाहर रोड पर गुरुवार की शाम 6 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन केक काटकर व दीप जलाकर मनाया सभी व्यापारियों ने ईश्वर से उनकी दीर्घायु जीवन की कामना की साथ ही व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी को उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने व्यापारियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलायी कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा, जिला संयोजक स्वदेशी व्यापार मंच के अध्यक्ष उमेश चंद्र वार्ष्णेय, युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुशील कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रमेश ग्रेवाल, शाह आलम मंसूरी, वसीम अख्तर , अनुज कुमार वार्ष्णेय, चिंटू शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, सुभाष मित्तल उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यकाल की सराहना की

## चाह धोबियान मोहल्ले में वृद्ध का शव मिला

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के चाह धोबियान मोहल्ले में गुरुवार सुबह करीब 75 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मोहल्ला निवासी नीरज शर्मा घर के बाहर सफाई कर रही थीं, तभी उन्हें सड़क किनारे वृद्ध का शव पड़ा दिखाई दिया। उन्होंने शोर मचाकर पति सुनील कुमार शर्मा को बुलाया। सुनील ने घटना की जानकारी सभासद अनुराग अग्रवाल को दी। सभासद ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। काफी प्रयास के बावजूद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने बताया कि वृद्ध बच्चों की किताबें बेचने का काम करते थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खिलाड़ियों ने दूसरे चक्र में किया प्रवेश

### मेला गणेश चौथ में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मेला ग्राउंड स्थित जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेला ग्राउंड में किया जा रहा है। यह प्रतियोगित स्व. राजेन्द्र कुमार रज्जु व स्व. शिशुपाल वार्ष्णेय की स्मृति में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ सभी प्रतियोगियों के समक्ष उर्मिला देवी ने गणेश प्रतिमा पर पुष्पार्पण व दीप जला कर किया। इस शतरंज प्रतियोगिता में इस वर्ष भी 64 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिनमे 9 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक की आयु वर्ग के खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता के प्रथम दिन खेले गए प्रथम चक्र के मैचों में मानविक कठेरिया, मान्यता शर्मा, आदित्य शांख्यधर, तन्मय त्यागी, सोनू, मानव, अब्दुल हन्नान, शाकिब, कार्तिक कठेरिया, चित्रम भारतीय, अभय कुमार, वैभव, बसर मलिक, ईशान सक्सैना, पुष्पराज सैनी, अनमोल वार्ष्णेय, काज़िम, निशांत, हर्षित भारद्वाज, करन, आयुष दीक्षित व प्रिया सागर ने अपने प्रतिद्वंदियों को मात देकर दूसरे चक्र में प्रवेश पाया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रथम चक्र के शेष मैच तथा दूसरे चक्र के मैच कराए जाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान प्रभात कृष्णा, प्रजीत लालू, सतेंद्र मामा, चंद्रपाल, शंकरलाल, परमार्थ, सुमित पाल, कौशल शर्मा, डॉ राजीव गुप्ता, मनोज कुमार, शशिकांत गुप्ता, आयोजन समिति के अश्वनी शर्मा, राजू बनर्जी, करुणेश शर्मा, प्रातिभ गुप्ता, शिवम गौड़ आदि मौजूद रहे।


चंदौसी गणेश चौथ मेले पर शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

**विश्वकर्मा पूजन** कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया

# राधा गोविंद विवि में धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के वर्कशॉप में सृजन एवं शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भगवान विश्वकर्मा की जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पवन शर्मा एवं कुलपति डा. मनोज तोमर द्वारा भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

इसके पश्चात राधा गोंविद विश्वविद्यालय के पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विश्वकर्मा पूजन एवं हवन सम्पन्न कराया गया। विश्वविद्यालय की इंजीनियरंग वर्कशॉप, मैकेनिकल लैब, इलैक्ट्रिकल लैब, कंप्यूटर सैटर लैब, सिविल विभाग एवं परिवहन विभाग में उपयोग होने वाले समस्त यंत्रो, उपकरणो, मशीनो तथा वाहनों की विधिवत पूजा की गई। इस अवसर पर अपने कुलाधिपति ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा केवल एक देवता नही बल्कि कौशल, परिश्रम, तकनीक और ईमानदार श्रम के प्रतीक है। जिस प्रकार उन्होने देवताओ के लिए महलों और अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया, उसी प्रकार आज का युवा भी अपनी तकनीकी कुशलता से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकता है। इस अवसर में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओ को इस अवसर पर बधाई दी और सभी छात्र-छात्राओ को स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया मिशन से जोडकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। उपरोक्त कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के लिए भंडारा/प्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डा. अखिलेश शुक्ला,दिनेश सिहं नेगी, डीन ऐकेडेमिक डा. खूब सिहं, डायरेक्टर फार्मेसी डा. पंकज बाबू, समस्त विभागाध्यक्ष, अनिल शर्मा, सुरेन्द्र सिहं, नितिन सिहं चौहान, सुरेश पाल, पुष्पेन्द्र मौर्या, मुदित शर्मा- वर्कशॉप इंचार्ज, शिक्षकगण, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्रॉए उपस्थित रहे।


भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर हवन में आहुति देते अतिथि व अन्य।

# चंदौसी का गणेश मेला अपने शबाब पर , उमड़ रही भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अर्पित मेहरोत्रा**

**चंदौसी।** बृहस्पतिवार को गणेश चौथ मेले में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। मेले में खासी रौनक देखी गई। 12 सितम्बर से चल रहा गणेश चतुर्थी का मेला अपने शबाब पर आ पहुंचा है। मेले में सर्वाधिक भीड़ 14 सितम्बर को उस दिन रही जिस दिन गणेश बाबा की रथयात्रा निकाली गई थी। बृहस्पतिवार की सुबह से ही बारिश के कारण मेले में थोड़ा व्यवधान पैदा हुआ था, पर मौसम खुलने के साथ ही मेले की रौनक भी धीरे धीरे बढ़ने लगी। रात मेले में खासी रौनक देखी गई। मेला देखने को लेकर बच्चों व युवाओं में खासा उत्साह है। युवाओं ने जहां एक ओर लगाए गए बड़े-बड़े झूलों में जमकर लुफ्त उठाया, वहीं बच्चों ने भी उनके लिए लगे छोटे-छोटे अनेक प्रकार के झूलों पर झूलकर आनंद उठाया। मेले में महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें खास आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है, इन दुकानों पर महिलाओं की खासी भीड़ देखी गई। इसके अलावा लोगों ने चाट-पकौड़ी, खस्ता कचौड़ी, चाउमीन-बर्गर आदि खानपान के स्टालों पर भी लोग जुटे व विभिन्न जायकों का लुप्त लिया। मेले में बढ़ रही भीड़भाड़ को देखकर मेला परिषद कमेटी के लोग भी लोगों की सहायता के लिए सक्रिय नजर आए। मेले मे खोया पाया विभाग भी सक्रियता से काम कर रहा है। मेले के दौरान अधिकारी व पुलिसबल ने सुरक्षा वयवस्था के भी पुख्ता इंतजाम रहे।


चंदौसी के गणेश चौथ मेले में रासलीला का आयोजन करते कलाकार।

### रासलीला में किया गया कृष्ण जन्म व पूतना वध का मंचन

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ के गजानन मंच पर प्रतिदिन रासलीला का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को ब्रज से आए कलाकारों ने भगवान कृष्ण जन्म लीला का भावपूर्ण मंचन किया। लीला में वसुदेव द्वारा बाल कृष्ण को गोकुल पहुंचाने और यशोदा के पास सुलाने का प्रसंग दिखाया गया। कंस द्वारा कन्या को शिला पर पटकने पर उसके आकाशवाणी कर कृष्ण के बृज में जन्म लेने की बात कहने का दृश्य भी प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कंस ने पूतना को कृष्ण का पता लगाने भेजा। पूतना ने बाल कृष्ण को दूध पिलाने का प्रयास किया, लेकिन कृष्ण ने उसके प्राण हर लिए। मंचन देखकर दर्शक भाव–विभोर हो उठे।



## गीता सार

ज्ञानं तेऽहं सविज्ञानमिदं वक्ष्याम्यशेषतः।
यज्ज्ञात्वा नेह भूयोऽन्यज्ज्ञातव्यमवशिष्यते ॥ (२)

भावार्थ : अब मैं तेरे लिए उस परम-ज्ञान को अनुभव सहित कहूंगा, जिसको पूर्ण रूप से जानने के बाद भविष्य में इस संसार में तेरे लिए अन्य कुछ भी जानने योग्य शेष नहीं रहेगा।(2)

# बदलाव का खेल

उत्तर प्रदेश में एनडीए 2024 के लोकसभा चुनाव में बने वोटरों के उस मूड को पूरी तरह बदलना चाहता है, जिसने उसे पीछे कर दिया था। तो वहीं इन नतीजों से उत्साहित गठबंधन की कोशिश अगले साल होन वाले विधानसभा चुनाव में बरकरार रखते हुए और आगे निकलने की कोशिश में है। राज्य में यह दोनों गठबंधन अपनी-अपनी राजनीतिक कमेस्ट्री दुरुस्त करने में लगे हैं। 2024 के नतीजे इस बात का संकेत नहीं करते कि अब आने वाले विधानसभा चुनाव में किसे पूर्ण बहुमत मिलेगा। भले ही इंडिया गठबंधन उम्मीदें पाले हो। यूपी में 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों को अगर विधानसभा सेगमेंट के हिसाब से देखा जाए तो उस वक्त सपा 403 में 184 पर, कांग्रेस 39 पर व एनडीए 174 पर आगे था। इस आधार पर किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है। भाजपा के लिए चुनौती है कि पिछले चुनाव के नुकसान की भरपाई 2017 या 2022 जैसे नतीजे लाकर कर दे। सपा कांग्रेस गठबंधन भले ही 43 सीट जीत कर सबसे आगे हो गया लेकिन वोट प्रतिशत में वह भाजपा गठबंधन से पीछे रहा। हालांकि यह अंतर मामूली है। पर इससे सीट की जीत हार में अहम भूमिका हो जाती है। ज्यादा वोट प्रतिशत हासिल करने के बाद भी सीट उस हिसाब से नहीं आ पाती। विशेषज्ञ मानते हैं कि किसी पार्टी का जनसमर्थन सभी विधानसभा क्षेत्रों या अधिकांश में प्रभावी व मुखर हो तो सरकार बनने की प्रबल संभावना रहती है। जब 2004 के लोकसभा चुनाव में सपा को सबसे ज्यादा 35 सीटें 26.74% व बसपा को 9 सीटें व 12.04 प्रतिशत वोट मिला लेकिन 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली। यानी नतीजे पलट गए। 2009 के आम चुनाव में सपा सबसे ज्यादा 23 सीट व बसपा सबसे ज्यादा 27.42% वोट पाई। 2012 में वोटरों ने विधानसभा चुनाव में सपा को पूर्ण बहुमत दे दिया। 2014 में भाजपा 71 सीटें व 42.13% वोट पाकर सबसे आगे निकल गई। भाजपा को यूपी में मिला बहुमत 2017 के विधानसभा चुनाव में बरकरार रहा। यह रुझान 2019 के लोकसभा व 2022 के विधानसभा में भाजपा के लिए दिखा। खास बात यह कि 2012 में पूर्ण बहुमत पाकर सरकार बनाने वाले सपा की दो साल बाद लोकसभा चुनाव में केवल पांच सीटें देकर जनता ने बड़े बदलाव का संकेत दे दिया था। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन को सक्रिय बनाए रखने के लिए आलाकमान ने सख्त ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया है। इसके अलावा प्रतिभा खोज से आए नेताओं की अलग से एक सूची बनाई है, जो कि निष्क्रिय जिला अध्यक्षों का स्थान लेंगे। इतना ही नहीं संगठन को मजबूत करने के लिए राहुल और प्रियंका स्वयं सचिवों का साक्षात्कार कर रहे हैं। इसमें अब तक 39 सचिवों का इंटरव्यू हो चुका है।



### फ्री से फीस वाला यूपीआई

# आखिर बोझ किस पर पड़ेगा?



नरेंद्र शर्मा

गृहमंत्री अमित शाह द्वारा यह विश्वास व्यक्त करने के बाद कि एनडीए शासित सभी 21 राज्य 2029 तक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर देंगे, बीजेपी के तीन सहयोगी दलों ने सावधान रहने की सलाह दी है, जो वास्तव में दबे शब्दों में प्रस्ताव का विरोध है। तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी), जो आंध्र प्रदेश में सत्ता में है, ने कहा है कि इस विषय पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है और वह जब जरूरत पड़ेगी, तब इस प्रस्ताव पर विचार करेगी व सभी स्टेकहोल्डर्स से भी विचार-विमर्श करेगी। जनता दल (यूनाइटेड), जो बिहार में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा है, ने कहा है कि वह इस सिलसिले में अमित शाह से बातचीत करेगी।

मेरा बेटा एक पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है। उसकी तीन माह की फीस 27,210 रुपए है। अब मुझे अक्टूबर में उसकी फीस की तीसरी किस्त भरनी है। अगर यह फीस मैं यूपीआई द्वारा अदा करता हूं तो उस पर फ्लैट 5 रुपए की फीस लगेगी। यह अतिरिक्त फीस कौन अदा करेगा? जाहिर है स्कूल तो अपनी फीस में से यह देने से रहा। इसका बोझ भी मुझ पर ही पड़ेगा। अनुमान यह है कि यही स्थिति बीमा प्रीमियम की भी रहेगी। कहने का अर्थ यह है कि 2,000 रुपए से ऊपर के यूपीआई पेमेंट्स पर जो यह 0.4 प्रतिशत की फीस लगाई गई है, उसका बोझ आखिरकार ग्राहक या उपभोक्ता को ही उठाना पड़ेगा-नाक चाहे इधर से पकड़ लो या उधर से पकड़ लो। गौरतलब है कि यूपीआई पेमेंट्स पहले फ्री थे और अब इन पर फीस लगा दी गई है। इससे महंगाई निश्चित रूप से बढ़ेगी, आम आदमी के लिए या फिर वह यूपीआई से पेमेंट करना बंद/कम कर देगा। नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया (एनपीसीआई) ने 15 सितम्बर 2026 को 2,000 रुपए से ऊपर के यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने की घोषणा की, 300 रुपए की कुल सीमा और यूटिलिटी पेमेंट्स पर फ्लैट 5 रुपए के चार्ज के साथ। इसका अर्थ यह है कि एमडीआर 300 रुपए से अधिक नहीं लगाया जाएगा, 2,000 रुपए से ऊपर की पेमेंट चाहे जितनी भी हो और फ्लैट 5 रुपए का चार्ज पेट्रोल व डीजल की खरीद, बीमा प्रीमियम, रेल टिकट, स्कूल और अन्य अनेक सरकारी सेवाओं पर लगाया जाएगा। आगामी 15 अक्टूबर 2026 से लागू होने के बावजूद एमडीआर व्यक्ति-से-व्यक्ति को किए गए पेमेंट पर नहीं लगेगा यानी रिश्तेदारों व दोस्तों को किए गए यूपीआई ट्रांसफर पर कोई फीस नहीं लगेगी और ऑटो डेबिट पर भी कोई चार्ज नहीं लगेगा। इसी तरह छोटे व्यापारियों, चाय की दुकानों, किराना स्टोर या मिल्क बूथों के लिए भी एमडीआर की छूट होगी, अगर व्यापारी के लिए मासिक रिसीप्ट 1 लाख रुपए से कम है। इसे आसान शब्दों में इस तरह से समझें कि अगर आपने अपने दोस्त को 2,00,000 रुपए बतौर यूपीआई ट्रांसफर किए हैं तो उस पर किसी प्रकार का कोई एमडीआर नहीं होगा, लेकिन अगर आपकी चाय की दुकान है और आपको 1,10,000 रुपए यूपीआई ट्रांसफर से आए तो आपको इस पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर देना होगा। जाहिर है एक दुकानदार के रूप में यह अतिरिक्त पैसा आप अदा करना पसंद नहीं करेंगे। इस स्थिति में आपके पास मुख्यतः दो विकल्प होंगे-एक, आप यूपीआई ट्रांसफर को प्राथमिकता देना बंद/कम कर देंगे और ग्राहकों से कैश लेना चाहेंगे। दूसरा यह कि इस अतिरिक्त भार को अपने ग्राहकों पर डालने का प्रयास करेंगे यानी एक कप चाय जो 20 रुपए की बेचते हैं, उसे 21-22 रुपए में देने लगेंगे, महंगाई में वृद्धि करते हुए। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि म्यूच्यूअल फंड्स या स्टॉकब्रोकर्स को पेमेंट्स पर एमडीआर 0.02 प्रतिशत निर्धारित किया गया है, 300 रुपए के कुल कैप के साथ। वित्त मंत्रालय ने अपने वक्तव्य में कहा है, "बैंकों को यह सलाह दी गई है कि वह यह सुनिश्चित करें कि व्यापारी एमडीआर चार्ज ग्राहकों पर न थोपें। यूपीआई एप्लीकेशन प्रोवाइडर्स को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है कि वह प्लेटफार्म फीस या छुपे हुए चार्ज ग्राहकों पर न थोपें।" इस वक्तव्य का अर्थ यह है कि चार्ज व्यापारियों को बर्दाश्त करना पड़ेगा। लेकिन क्या ऐसा संभव है? ई-कॉम प्लेटफार्म को 0.4 प्रतिशत फीस देनी होगी, 300 रुपए के कैप के साथ। चाहे आप स्मार्टफ़ोन खरीदें या सोफा सेट प्लेटफार्म को 300 रुपए देने होंगे। कौनसा ऑनलाइन प्लेटफार्म (या बड़े फुटकर व्यापारी या रेस्टोरेंट) हर बड़ी बिक्री पर 300 रुपए देना पसंद करेगा। व्यापारी इस फीस को अपने ग्राहकों की तरफ धकेल देंगे अपनी चीजों का दाम बढ़ाकर। दुकानदार यूपीआई से पैसा लेना पसंद नहीं करेंगे। ई-कॉम प्लेटफॉर्म्स हाई-वैल्यू सौदे में डिस्काउंट देना बंद कर देंगे या कीमत बढ़ा देंगे। छुरी खरबूजे (पढ़ें ग्राहक) पर गिरे या खरबूजा छुरी पर गिरे, हर हाल में कटेगा खरबूजा ही, वित्त मंत्रालय की सलाह चाहे जो हो। एनपीसीआई का कहना है कि 95 प्रतिशत से अधिक व्यापारियों का लेन-देन, जो 2,000 रुपए से कम है, पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यूपीआई एमडीआर को सभी कार्ड-आधारित ट्रांसफर फीस से कम रखा गया है। स्टैण्डर्ड क्रेडिट कार्ड एमडीआर प्रति लेन-देन पर आम तौर से 1.5 प्रतिशत से 2.5 प्रतिशत के बीच रहता है, जबकि डेबिट कार्ड एमडीआर का कैप 0.9 प्रतिशत तक है। यूपीआई एमडीआर की बेसलाइन 2,000 रुपए से ऊपर के लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत करके और हाई-वैल्यू खरीदारी पर 300 रुपए का कैप लगाने से यूपीआई कमर्शियल एंटरप्राइज के लिए सबसे सस्ता डिजिटल पेमेंट स्वीकृति टूल है। कीमत में इस अंतर से व्यापारियों को डिजिटल पेमेंट स्वीकार करते हुए कम खर्च करना पड़ेगा। यह सब एनपीसीआई का कहना है। वित्त मंत्रालय ने अपने वक्तव्य में कहा है कि एमडीआर सरकार या एनसीपीआई द्वारा एकत्र किया जाने वाला न तो टैक्स है और न ही चार्ज है। इसे पेमेंट इकोसिस्टम में हिस्सेदारों के बीच वितरित किया जाता है। दूसरी ओर भारत पे के सह-संस्थापक व शार्क टैंक इंडिया के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर ने कहा है कि यूपीआई पर सरकार द्वारा एमडीआर वसूल करना सिर्फ एक टैक्स कलेक्शन है। अगर सरकार को इससे नुकसान हो रहा है तो एटीएम को पूरी तरह से बंद करके सिर्फ यूपीआई पर फोकस करना चाहिए।




इमेज



## श्रीरामचरितमानस

तजिहउँ तुरत देह तेहि हेतू।
उर धरि चंद्रमौलि बृषकेतू॥
अस कहि जोग अगिनि तनु जारा।
भयउ सकल मख हाहाकारा॥4॥

भावार्थ: इसलिए चन्द्रमा को ललाट पर धारण करने वाले वृषकेतु शिवजी को हृदय में धारण करके मैं इस शरीर को तुरंत ही त्याग दूंगी। ऐसा कहकर सतीजी ने योगाग्नि में अपना शरीर भस्म कर डाला। सारी यज्ञशाला में हाहाकार मच गया॥4॥

### पुण्य स्मरण

# बाघ से भिड़ने वाला क्रांतिकारी बाघा जतिन

एन. के. अरोड़ा



इतिहास में कुछ नाम अपने समय से बहुत आगे निकल जाते हैं। वे केवल किसी आंदोलन या घटना का हिस्सा नहीं होते बल्कि साहस, संकल्प और आत्म बलिदान के प्रतीक बन जाते हैं। जतिंद्रनाथ मुखर्जी जिन्हें देश ने प्यार और सम्मान से 'बाघा जतिन' यानी बाघ से भिड़ जाने वाला कहा, ऐसा ही एक नाम है, जिनकी आगामी 10 सितंबर को 116वीं पुण्यतिथि है। उनका जीवन सिर्फ एक क्रांतिकारी भर का जीवन नहीं है, यह ऐसी मानवीय क्षमता और संकल्प का जीवन है, जिसे सदियों स्मरण और अनुकरण किया जाएगा। बाघा जतिन देश के लिए सब कुछ न्यौछावर करने वाले उन क्रांतिकारियों में से थे, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य को केवल चुनौती देने का सपना नहीं देखा बल्कि उसे सशस्त्र संघर्ष के जरिये उखाड़ फेंकने की योजनाओं को जमीन पर उतारने का साहस दिखाया। जतिंद्रनाथ का जन्म 7 सितंबर 1879 को तत्कालीन बंगाल के कुश्तिया जिले के कायाग्राम में हुआ था, जो अब बांग्लादेश में पड़ता है। उनके पिता का निधन बचपन में ही हो गया था और उनका पालन-पोषण उनकी मां ने किया था। कठिन परिस्थितियों ने उनके व्यक्तित्व को कमजोर बनाने की बजाय बेहद दृढ़ बना दिया था। वह शारीरिक रूप से बहुत मजबूत, अनुशासित और निर्भीक थे। किशोरावस्था से ही उनमें राष्ट्रवादी विचारों का जबर्दस्त प्रभाव पड़ गया था। उनके बाघा नाम के पीछे भी एक ऐसी कहानी है, जो उनके व्यक्तित्व की असाधारण निर्भीकता का परिचय देती है। एक बार वह अपने एक साथी के साथ जंगल से होकर गुजर रहे थे, तभी अचानक उनके साथी पर एक बाघ ने हमला कर दिया। जतिन ने बिना अपनी जान की परवाह किए अपने दोस्त को बचाने के लिए बाघ से भिड़ गए। उनके हाथ में केवल एक छोटी सी कटार थी। लेकिन उन्होंने अदम्य साहस के साथ बाघ का सामना किया। उनके और बाघ के बीच लगभग दो घंटे तक संघर्ष चला और अंततः उन्होंने बाघ को मार गिराया। इस घटना के बाद लोग उन्हें 'बाघा जतिन' कहने लगे, जो आगे चलकर उनके नाम का वीरतापूर्ण पर्याय बन गया। बाघा जतिन की असली वीरता किसी जंगली जानवर को मारने में नहीं बल्कि उस व्यवस्था को चुनौती देने में देखी गई, जिसने पूरे देश को गुलाम बना रखा था। युवावस्था के पहले जतिंद्रनाथ बंगाल के क्रांतिकारी संगठनों से जुड़ गए थे।

### तिथि विशेष

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में हुआ था। वर्ष 2026 में वे अपना 76वां जन्मदिन मनाएंगे। उनका जीवन साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से निकलकर देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद तक पहुंचने की यात्रा के रूप में देखा जाता है। उन्होंने प्रारंभिक जीवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ काम किया और बाद में भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एमए किया। नरेंद्र मोदी अक्टूबर 2001 से मई 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। 2014 में उन्होंने पहली बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 2019 में दूसरी बार और 9 जून 2024 को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में डिजिटल तकनीक, बुनियादी ढांचे, सामाजिक कल्याण, अंतरराष्ट्रीय संबंध और योग को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने जैसे विषय प्रमुख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को संयुक्त राष्ट्र में व्यापक समर्थन मिला और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया।






### बेडरूम छोटा है तो क्या!

# इसे भी आकर्षक बना सकते हैं

अनु आर.

अगर आपका भी बेडरूम छोटा है और आप काफी परेशान हैं कि इतने छोटे बेडरूम में जगह की कमी के कारण कैसे इसको मैनेज किया जाए। कम स्पेस होने के बावजूद बेडरूम को कुछ इस तरह से सजा संवारकर रखा जा सकता है, जिससे यह हर समय बिखरा न दिखे। इसके लिए आप क्या कर सकते हैं, आइए जानें-

**पलंग :** बेडरूम में सबसे महत्वपूर्ण फर्नीचर पलंग होता है। इसमें यदि आप बॉक्स वाला बेड ले रहे हैं तो ऐसे बेड का चुनाव करें, जिसमें काफी स्टोरेज हो। पलंग के हेड बोर्ड में अगर शेल्फ या नीचे बने हुए ड्राअर हो तो इसमें काफी स्टोरेज कर सकते हैं। हेड बोर्ड में छोटी तस्वीरें और सजावटी चीजें ऊपर रखें। जूते और किताबें बेड के निचले हिस्से में रखें। यदि आपके पास ऐसा पलंग है, जिसमें स्टोरेज नहीं है तो कुछ बंद बॉक्स और आर्गेनाइजर खरीदकर आप उन्हें बिस्तर के नीचे रख सकते हैं। बिस्तर को सबसे ज्यादा दिखाई देने वाली दीवार के ठीक सामने रखें। दोनों तरफ थोड़ी-थोड़ी जगह छोड़ें, जिस जगह का इस्तेमाल नाइटस्टैंड या फ्लोर लैंप रखने के लिए किया जा सकता है।

**दीवारों में अलमारियां :** छोटे बेडरूम के लिए दीवारों में बड़ी अलमारियां और दराजों वाली अलमारियां बनाने से सामान तो समेटना आसान होता है, लेकिन इससे कमरा और ज्यादा छोटा दिखायी देने लगता है। कपड़े रखने के लिए अलमारियों की बजाय खुली हैंगिंग रेल पर विचार कर सकते हैं। अगर आप कमरे की एक दीवार पर अलमारी बनाना ही चाहते हैं तो किनारों पर छोटे-छोटे कोने बनाकर बेड साइड टेबल भी बनवा सकते हैं ताकि आपको एक्स्ट्रा फर्नीचर की जरूरत न हो। बिस्तर के ऊपर शेल्फ लगवाकर भी स्टोरेज के लिए स्पेस बना सकते हैं। किताबों के लिए भी एक कॉर्नर होना चाहिए। अगर बेडरूम की छत ऊंची है तो पलंग के ऊपर एक्स्ट्रा सामान रखने के लिए कबर्डस बनाए जा सकते हैं। इसके नीचे वॉल हैंगिंग और पेटिंग्स लगा सकते हैं।

**दीवारों पर शेल्फ बनवाएं :** बेडरूम अगर छोटा है तो उसकी दीवारों का बेहतर उपयोग करना चाहिए। क्योंकि दीवारों का इस्तेमाल कम होता है, इन्हीं दीवारों पर आप छत की ऊंचाई के अनुरूप वॉल शेल्फ बनवा सकते हैं। वॉल शेल्फ बनवाते समय इस बात का ध्यान रखें कि उठते या बैठते समय आपका इनसे सामना न हो। इन वॉल शेल्फ पर किताबें, तस्वीरें, पौधे और दूसरे सामान आसानी से सजाये जा सकते हैं।

**अलमारी में हुक लगाएं :** छोटे बेडरूम को व्यवस्थित करने बेडरूम की अलमारी एक खास जगह होती है, जिसमें आपको ज्यादा से ज्यादा स्टोरेज करना होता है। यदि अलमारी में स्पेस कम है और आपको लगता है कि सामान रखने की जगह नहीं है तो पीछे की दीवार पर आप अलमारी के हुक लगा सकते हैं। टोपी, बेल्ट, मोजे, रूमाल रखने के लिए उनमें अलग जगह तैयार की जा सकती है। जिन्हें ढूंढ़ना आसान हो।

**नाइटस्टैंड का अर्जेमेंट :** नाइटस्टैंड भी बेडरूम के लिए जरूरी चीज है, जो रोशनी और किताबों के लिए इस्तेमाल होता है। छोटे बेडरूम में हर समय इनका इस्तेमाल करना मुश्किल होता है इसलिए कोशिश करें कि हैंगिंग नाइटस्टैंड जो ज्यादा जगह का घेराव न करे। अगर नाइटस्टैंड जगह घेरने वाला है तो इसे हटा दें, क्योंकि इससे बिस्तर के चारो ओर मूवमेंट के लिए जगह बनानी आसान होगी। इसकी बजाय एक पतली, लंबी बुकशेल्फ इसका विकल्प हो सकती है। इसे अपने बिस्तर के बगल में रखें। शेल्फ पर आईपैड, किताबें और दूसरी इस्तेमाल की चीजें रख सकते हैं।

**जूतों का अर्जेमेंट :** यदि अपने जूतों को रखने के लिए बेडरूम में ही जगह है तो आप जूते रखने के लिए हैंगिंग शू रैक ले सकते हैं। जिसे दरवाजों के पीछे शेल्फ, क्लिप या प्लास्टिक ऑर्गेनाइजर लगाकर अपनी जगह का ज्यादा इस्तेमाल करके चीजों को व्यवस्थित रख सकते हैं।

आपका छोटा बेडरूम हर समय आपको कम स्पेस होने की गिल्ट में रखता है। लेकिन अगर आप थोड़ी सी रचनात्मकता और समझदारी से काम लें तो कई ऐसे बहुत से तरीके हैं, जिसके जरिये आप अपनी जगह का ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करके अपने छोटे बेडरूम को व्यवस्थित बना सकते हैं।



इमेज

### वायरल

# बुढ़ापे में जवान दिखने का चस्का! ब्यूटी पार्लर में उड़ाए 4 करोड़ रुपए

जवानी और खूबसूरती बनाए रखने का क्रेज किस हद तक जा सकता है, इसकी हैरान करने वाली दास्तान चीन से सामने आई है। जहां एक 75 साल की बुजुर्ग महिला ने अपनी जिंदगीभर की कमाई यानी करीब 4 करोड़ रुपए सिर्फ ब्यूटी ट्रीटमेंट और सैलून के चक्कर में फूंक डाले। जब तक इस बात की भनक परिवार को लगी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। शंघाई की 75 साल की 'यू' सरनेम की एक बुजुर्ग महिला को साल 2016 से एक स्थानीय सैलून और मेडिकल ब्यूटी क्लिनिक जाने की ऐसी लत लगी कि उन्होंने अपने रिटायरमेंट की सारी बचत वहां लुटा दी। उन्होंने अपनी स्किन को टाइट रखने, थ्रेड लिफ्टिंग और मालिश जैसी कई कॉस्मेटिक प्रोसीजर पर आंख मूंदकर पैसे खर्च किए। मामला तब खुला, जब उनकी बेटी ने घर में पड़े बिल और ट्रीटमेंट के कागजातों की फाइल खंगाली, जिसके बाद पैरों तले जमीन खिसक गई। इस हैरान करने वाले मामले का सबसे बड़ा पहलू यह है कि उस ब्यूटी सैलून ने बुजुर्ग महिला के भोलेपन का जमकर फायदा उठाया। सैलून ने सामान्य बाजार दरों से 10 से 20 गुना ज्यादा कीमतें वसूलीं। सिर्फ एक बार के लिप टैटू सेशन के लिए महिला से 39,800 युआन (करीब 5.7 लाख रुपए) वसूले गए, जो कि आम कीमत से कई गुना ज्यादा था। आइब्रो टैटू और कई छोटी-मोटी थेरेपी पर भी लाखों रुपए पानी की तरह बहाए गए। जब बेटी ने इस धोखाधड़ी के खिलाफ शंघाई के एक टीवी शो से मदद मांगी, तो यह मामला सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। इस अजीबोगरीब घटना ने अब पूरी दुनिया में नई बहस छेड़ दी है।



### X का एक्सरे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुकने और अमेरिका को बड़ी रकम देने का फैसला कर लिया है। सरकार को यूपीआई पर लगाए गए शुल्क को तुरंत वापस लेना चाहिए। यूपीआई जैसी रोजमर्रा की डिजिटल भुगतान व्यवस्था पर शुल्क लगाने की जरूरत क्यों पड़ी।



राहुल गांधी

तृषा को लगता होगा कि वो और विजय सिर्फ दोस्त हैं, तो उन्हें आलोचना से फर्क नहीं पड़ेगा। विजय बड़े पद पर हैं और साथ नजर आने से उसे शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है तो मैं अगर तृषा की जगह होती तो ऐसा नहीं करती। मैं पीछे हट जाती और विजय के लिए मुश्किल खड़ी नहीं करती।



अंबिका

जो भी लोग लिखना चाहें, जो भी बोलना चाहें, इस पर हमारा कंट्रोल नहीं है। एक कलाकार को हजारों लोग मिलते हैं। हम सबके लिए बराबर हैं। बहुत सारे लोग साथ में...किसके लिए चुनें, किसके लिए चुनें ना करें... हम वहां किसी शो के लिए गए थे। मुझे दाउद ने आमंत्रित नहीं किया था।



मंदाकिनी

सोशल मीडिया और लोगों की बातों का मुझ पर असर पड़ता है। हालांकि समय के साथ इस तरह के दबाव से निपटना सीख लिया है। मैं वाई-फाई बंद करने की कोशिश करता हूं। लेकिन कभी-कभी वाई-फाई चालू हो जाता है और मैं कुछ सोशल मीडिया कमेंट्स देख लेता हूं। कुछ सीनियर खिलाड़ी कुछ कहते हैं और कुछ नहीं।



संजू सैमसन



**एक नजर**

### रेलवे जेई भर्ती की सीबीटी-1 परीक्षा 27 अक्टूबर से

**लखनऊ (एजेंसी)।** रेलवे में जूनियर इंजीनियर (जेई), डिपो मेटेरियल सुपरिटेंडेंट (डीएमएस) और केमिकल व मेटलर्जिकल असिस्टेंट (सीएमए) के पदों पर भर्ती के लिए प्रथम चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-1) 27, 28 और 30 अक्टूबर को आयोजित होगी। रेल मंत्रालय ने सीईएन 04/2026 के तहत पहले 3993 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया था, बाद में पदों की संख्या बढ़ाकर 4029 कर दी गई। रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से बुधवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। परीक्षा से करीब 10 दिन पहले आरआरबी की क्षेत्रीय वेबसाइटों पर परीक्षा केंद्र वाले शहर और तिथि की सूचना उपलब्ध होगी। ई-कॉल लेटर परीक्षा से करीब चार दिन पहले डाउनलोड किया जा सकेगा। एससी/एसटी अभ्यर्थियों को यात्रा प्राधिकरण स्लिप भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# पीएमओ की मंजूरी के बाद शुरू होगा विकसित यूपी का रोडमैप

**लखनऊ (एजेंसी)।** विकसित उत्तर प्रदेश@2047 के विजन डॉक्यूमेंट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुझाव और संस्तुति के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा गया है। पीएमओ से अनुमति मिलने के बाद प्रदेश सरकार इसके रोडमैप के अनुसार कार्य शुरू करेगी। इससे पहले केंद्र सरकार द्वारा तैयार किए जा रहे विकसित भारत@2047 के विजन डॉक्यूमेंट में उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्तावित लक्ष्यों से इसका मिलान किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने विजन डॉक्यूमेंट में अर्थव्यवस्था, रोजगार, शिक्षा, शहरीकरण और प्रति व्यक्ति आय समेत विभिन्न क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक लक्ष्य तय किए हैं। संशोधित रोडमैप में वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन



डॉलर, 2036 तक दो ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक छह ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं के आधार पर कार्ययोजना तैयार की गई है। विजन डॉक्यूमेंट में प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में वृद्धि के साथ देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ाने का भी लक्ष्य है। उपलब्ध विजन सामग्री में 2047 तक जीएसडीपी में राष्ट्रीय हिस्सेदारी 20 प्रतिशत तक पहुंचाने की आकांक्षा दर्ज है। प्रति व्यक्ति आय को भी राष्ट्रीय औसत से ऊपर ले जाने का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है। सरकार की योजना विकास के लक्ष्यों को केवल राज्य स्तर तक सीमित न रखकर जिला, शहर और पंचायत स्तर तक लागू करने की है। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों और विभागों की कार्ययोजनाएं तैयार की जा रही हैं। कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र, तकनीक, बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को रोडमैप के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल किया गया है। विजन डॉक्यूमेंट में सामाजिक विकास से जुड़े लक्ष्य भी निर्धारित किए गए हैं। इनमें साक्षरता बढ़ाना, बेरोजगारी कम करना और शहरीकरण को बढ़ावा देना शामिल है। सरकार का उद्देश्य आर्थिक विकास के साथ रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सुविधाओं में सुधार के जरिए प्रदेश के विकास को गति देना है। प्रदेश सरकार की ओर से तैयार रोडमैप पर नीति आयोग की सहमति मिलने के बाद संबंधित विभागों और मंत्रियों से भी सहमति लेने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई थी। अब प्रधानमंत्री कार्यालय से मिलने वाले सुझाव और केंद्र के विकसित भारत@2047 के लक्ष्यों के साथ सामंजस्य के बाद अंतिम रूप दिए जाने की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए जाएंगे।

## 25 सितंबर से शुरू होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में निवेश, निर्यात और औद्योगिक विकास को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए चौथा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों, उत्पादों, सरकारी विभागों और विकास प्राधिकरणों को वैश्विक खरीदारों व निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन के लिए घरेलू खरीदारों के 45 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। सरकार ने इस बार 1.5 लाख से अधिक घरेलू खरीदारों का लक्ष्य रखा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए करीब 1500 पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें साक्षात्कार के बाद 500 से अधिक खरीदारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जबकि 300 से अधिक खरीदारों के टिकट सुरक्षित होने की जानकारी दी गई है।

# अखिलेश के आरोपों पर राजभर ने साधा निशाना

**लखनऊ (एजेंसी)।** एक्सप्रेसवे, ऑनलाइन पेमेंट, वक्फ संपत्ति, सरकारी नौकरियों और कानून-व्यवस्था को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोपों पर कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पलटवार किया। राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव सत्ता में लौटने को लेकर व्याकुल हैं, इसलिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे। यह बयान उन्होंने गुरुवार को दिया। एक्सप्रेसवे और सड़कों को लेकर राजभर ने कहा कि सड़कें बनने के बाद समय के साथ खराब भी होती हैं। खराब होने पर संबंधित ठेकेदार से दोबारा निर्माण कराया जाता है। उन्होंने अखिलेश यादव से अपने कार्यकाल में बनी सड़कों की स्थिति देखने की भी बात कही। ऑनलाइन पेमेंट पर लगाए गए शुल्क के आरोप पर राजभर ने कहा कि इस संबंध में सही जानकारी नहीं दी जा रही है। उनके अनुसार 95 प्रतिशत लोगों पर इसका कोई भार नहीं है, जबकि पांच प्रतिशत सक्षम लोगों पर इसका प्रभाव पड़ेगा। वक्फ संपत्तियों के मुद्दे पर राजभर ने कहा कि संपत्तियों का रिकॉर्ड दर्ज होने से अनियमितताओं पर रोक लगेगी। उन्होंने पिछली सरकारों के दौरान वक्फ संपत्तियों के इस्तेमाल को लेकर विपक्ष पर आरोप लगाए। सरकारी नौकरियों के सवाल पर उन्होंने दावा किया कि मौजूदा सरकार में बड़ी संख्या में युवाओं को सरकारी रोजगार मिला है और पिछली सपा सरकार की भर्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए। कानून-व्यवस्था को लेकर भी राजभर ने सपा सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए अपनी सरकार की नीतियों का बचाव किया। उन्होंने सीएए-एनआरसी के विरोध का जिक्र करते हुए दावा किया कि कानून लागू होने के बाद भी किसी मुसलमान को देश से बाहर नहीं किया गया।

# किस्त न देने पर युवक को बंधक बनाकर निकाला खून

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में मोबाइल फोन की किस्त न चुकाने पर एक युवक को अगवा करके चार दिनों तक बंधक बनाने, उससे जबरन मजदूरी कराने तथा उसका खून निकालकर बेचने के आरोप में बृहस्पतिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने युवक की मां द्वारा 14 सितंबर को दर्ज करायी गयी शिकायत के हवाले से यहां बताया कि उसके बेटे नवल कुमार ने किस्तों पर एक मोबाइल फोन खरीदा था लेकिन एक किस्त न चुका पाने पर आठ सितंबर को आरोपी अनिकेत सिंह उर्फ काका (26) और सुशांत शर्मा (31) उसे मोबाइल की दुकान पर ले जाने के बहाने अपने साथ ले गए। सूत्रों ने बताया कि महिला का आरोप



है कि उसके बेटे को करीब चार दिन तक बंधक बनाकर रखा गया, उससे मजदूरी कराई गई और उसके साथ मारपीट की गई, यहां तक कि उसका एक यूनिट खून निकालकर बेचा गया। सूत्रों ने बताया कि महिला का इल्जाम है कि आरोपियों ने किस्त के तौर पर उससे ऑनलाइन 2,799 रुपये भी लिए थे। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में निगोहां थाने में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 143(3) (मानव तस्करी), 146 (गैर-कानूनी तरीके से जबरन मजदूरी करना), 127(3) (गलत तरीके से बंधक बनाना), 115(2) (जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस के तीन दल बनाये गये। सूत्रों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी और अन्य सुबूतों और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर बृहस्पतिवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा उन्हें अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिशें जारी हैं। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान सुशांत ने पुलिस को बताया कि वह लखनऊ में 'टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लिमिटेड' में प्रबंधक के तौर पर काम करता था और उधार पर दिये गये उत्पादों की किस्तें वसूलता था। सूत्रों के मुताबिक सुशांत ने पुलिस को बताया है कि कंपनी का 'फील्ड एजेंट' शुभम सिंह और अनिकेत भी किस्त वसूली का काम करते थे। पुलिस के अनुसार सुशांत ने माना कि उसने और उसके साथियों ने नवल को उसके गांव के बाहर से इसलिए अगवा किया था क्योंकि वे उसे किस्त न चुकाने पर सबक सिखाना चाहते थे। सूत्रों के मुताबिक सुशांत ने पूछताछ में बताया है कि नवल को उसके जान-पहचान वाले एक 'चैरिटेबल ब्लड सेंटर' ले जाया गया जहां उसकी मर्जी के बगैर एक यूनिट खून निकाला गया और बाद में दूसरे साथियों की मदद से उसे बेच दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद नवल को कथित तौर पर चार दिनों तक शुभम के घर पर रखा गया, उससे प्लास्टर तोड़ने का काम करवाया गया और आरोपियों ने उससे किस्त भी वसूल ली।

## विवेक तिवारी हत्याकांड में प्रशांत चौधरी दोषी

**लखनऊ (एजेंसी)।** गोमतीनगर के चर्चित एप्पल कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर विवेक तिवारी हत्याकांड में आठ साल चली सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्य आरोपित प्रशांत चौधरी को दोषी करार दिया। हालांकि साक्ष्यों के आधार पर उसे धारा 302 के बजाय धारा 304 के तहत दोषी माना गया। मामले में सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। दूसरे आरोपित संदीप कुमार को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया। अदालत में मौजूद विवेक की पत्नी कल्पना ने फैसले पर असंतोष जताते हुए कहा कि वह न्याय के लिए हाईकोर्ट जाएंगी। 29 सितंबर 2018 की रात पुलिसकर्मियों ने कार नहीं रोकने पर विवेक तिवारी को गोली मार दी थी।

# डीएम कमेटी की जांच के बिना नहीं हटेंगे यूपी पंचायत सहायक, 9000 रुपये हुआ मानदेय

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में पंचायत सहायकों के लंबे आंदोलन के बाद सरकार ने मानदेय और सेवा सुरक्षा को लेकर कई घोषणाएं की हैं। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बुधवार को बताया कि पंचायत सहायकों का मासिक मानदेय छह हजार से बढ़ाकर नौ हजार रुपये किया जाएगा।

प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा। बढ़ी हुई राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे पंचायत सहायकों के बैंक खातों में भेजने की व्यवस्था होगी। प्रदेश में 57 हजार से अधिक पंचायत सहायकों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि मानदेय भुगतान में होने वाली देरी को दूर कर समय से भुगतान सुनिश्चित



किया जाएगा। साथ ही पंचायत सहायकों को पद से हटाने की प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया है। अब ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव अपने स्तर से किसी पंचायत सहायक को नहीं हटा सकेंगे। सेवा समाप्ति से पहले जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति जांच करेगी और जांच के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। सरकार ने महिला पंचायत सहायकों को नियमानुसार मातृत्व अवकाश और पंचायत सहायकों को इलाज के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की भी घोषणा की है। आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने तथा प्रशासनिक कार्रवाई में हटाए गए पंचायत सहायकों को बहाल करने की बात भी कही गई है। पंचायत सहायक मानदेय बढ़ाने, सेवा सुरक्षा, सीधे बैंक खाते में भुगतान, उचित जांच के बाद हटाने और आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस लेने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सात सितंबर से लखनऊ के ईको गार्डन में प्रदर्शन कर रहे थे। सरकार की घोषणाओं के बाद पंचायत सहायकों ने आंदोलन समाप्त कर दिया और घर लौट गए। हालांकि स्थायी करने और 20 से 25 हजार रुपये मानदेय की उनकी मांग पूरी नहीं हुई है।

# अन्नपूर्णा मुहिम के तहत जरूरतमंद परिवार को एक वर्ष से नियमित सहायता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम के तहत जरूरतमंद और असहाय परिवारों तक रोटी, कपड़ा, शिक्षा, चिकित्सा एवं मकान सहित आवश्यक सहायता पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शिव कॉलोनी, खटीमा निवासी मदन गड़कोटी और जानकी गड़कोटी के दो सदस्यीय परिवार को विगत एक वर्ष से नियमित रूप से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सेवादारों के अनुसार, 12 अक्टूबर 2025 से 14 सितंबर 2026 तक प्रत्येक माह परिवार को आवश्यकतानुसार सहायता पहुंचाई गई। इस सेवा कार्य में




अन्नपूर्णा मुहिम के तहत जरूरतमंद परिवार को दी जाने वाली सहायता।

संत रामपाल महाराज के सेवादार एवं तहसील कोऑर्डिनेटर दिवान दास के साथ सुनील दास, अशोक दास और पवन दास द्वारा सहयोग किया जा रहा है। सेवादारों ने बताया कि अन्नपूर्णा मुहिम का उद्देश्य जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों तक उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायता पहुंचाना है। नियमित रूप से की जा रही इस सहायता के माध्यम से परिवार को दैनिक जरूरतों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आयोजकों ने इसे समाज सेवा की दिशा में एक प्रयास बताया।

## गोमती रिवर फ्रंट पर बनेगा विश्वकर्मा का भव्य मंदिर

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार बनने पर विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश बहाल करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में दिया जाने वाला अवकाश भाजपा ने बंद कर दिया था। साथ ही गोमती रिवर फ्रंट पर भगवान विश्वकर्मा का भव्य मंदिर बनाने की घोषणा की। गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश ने यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित शुल्क का विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। उन्होंने नोटबंदी का जिक्र करते हुए कहा कि इसका नुकसान आम जनता को हुआ। अखिलेश ने भाजपा सरकार पर एक्सप्रेसवे निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।

# युवा संवाद प्रतिभागियों का विशेष सम्मान

▸ मुख्यमंत्री की माताजी ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** शहीद हरि किशन शिक्षण संस्थान, अशोक फार्म के विद्यार्थियों रेखा एवं मोहित साहनी को लोहिया हेड कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ।

जहां पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की माताजी ने रेखा एंव मोहित साहनी को अंगवस्त्र, बैग, मिष्ठान तथा तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि उक्त विद्यार्थियों ने गत 31 अगस्त को सोबन सिंह जीना सभागार राणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित 'युवा-समकालिक संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग




रेखा एवं मोहित साहनी को सम्मानित करती मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की माताजी।

किया था। सीमांत क्षेत्र के विद्यालय के विद्यार्थियों को इस विशेष कार्यक्रम में सहभागिता का अवसर मिलने से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन डोबरियाल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की पूरी टीम को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उनकी माताजी एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, दर्जा राज्य मंत्री रंजीत सिंह नामधारी, गंभीर सिंह धामी, मोहिनी पोखरिया, भाजपा नेता दान सिंह रावत, विद्यालय की अध्यापिका नीला दानू तथा अध्यापक अंकित राय मौजूद रहे।

## नागरिक सुरक्षा विभाग में 191 पदों पर भर्ती जल्द

**लखनऊ (एजेंसी)।** नागरिक सुरक्षा विभाग में 191 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें सहायक उप नियंत्रक के 104, भंडार अधीक्षक-द्वितीय के छह, स्टोर मैन के 33, आशुलिपिक के नौ, कनिष्ठ सहायक के 25 और डिस्पैच राइडर के 14 पद शामिल हैं। इन पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी करने की प्रक्रिया शुरू होगी। भर्ती से नागरिक सुरक्षा विभाग को अतिरिक्त मानव संसाधन मिलेगा और विभागीय कामकाज में तेजी आने की उम्मीद है। सहायक उप नियंत्रक के पदों पर प्रशासनिक और मैदानी जिम्मेदारियां होंगी। वहीं, भंडार अधीक्षक और स्टोर मैन सामग्री एवं भंडार व्यवस्था संभालेंगे। आशुलिपिक और कनिष्ठ सहायक कार्यालय संबंधी कार्यों में सहयोग करेंगे।

**पूजा-अर्चना**

**नगर पालिका खटीमा में गूंजे भगवान विश्वकर्मा के जयकारे, क्षेत्र की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की**

# विश्वकर्मा जयंती पर पालिका अध्यक्ष ने वाहनों की पूजा-अर्चना की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद खटीमा में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने पालिका कर्मचारियों के साथ नगर पालिका के वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा से नगर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की गई। पूजा-अर्चना के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने क्षेत्रवासियों और पालिका कर्मचारियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को




विश्वकर्मा जयंती पर वाहनों की पूजा-अर्चना करते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी।

निर्माण, शिल्प और तकनीकी कौशल का देवता माना जाता है। विश्वकर्मा जयंती हमें अपने कार्य के प्रति निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी का संदेश देती है। उन्होंने पालिका कर्मचारियों से नगर की स्वच्छता, व्यवस्था और विकास कार्यों को बेहतर बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नीरज, गौरव, विजय गौरव, मनोज कुमार, दिनेश भट्ट, सुरेंद्र मौर्य, संतोष, अमरदीप, नरेंद्र, राजीव, डब्बू, रविंदर और साजिद सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

## डायनेस्टी गुरुकुल में मनाई विश्वकर्मा जयंती

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, छिनकी फार्म में गुरुवार को विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय परिवार ने भगवान विश्वकर्मा से हर हाथ को हुनर, हर कर्म को सम्मान और प्रत्येक प्रयास को सफलता प्रदान करने के साथ ही परिवारों में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट एवं डायरेक्टर प्रेमा भट्ट की गरिमामयी उपस्थिति में पूजा-अर्चना संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। विद्यार्थियों ने भक्तिमय भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान विद्यालय के सभी वाहनों की भी विधिवत पूजा-अर्चना की गई और उनके सुरक्षित एवं मंगलमय संचालन की कामना की गई। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती हमें मेहनत, ईमानदारी और कौशल के महत्व का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ श्रम और हुनर का सम्मान करना भी सीखना चाहिए, क्योंकि इन्हीं के माध्यम से समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से क्षेत्रवासियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं समस्त सहयोगी कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में एआई का बढ़ेगा इस्तेमाल

**लखनऊ (एजेंसी)।** सरकार स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और डेटा के उपयोग को बढ़ावा देगी। तकनीक और नवाचार के माध्यम से सरकारी योजनाओं के परिणामों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाएगा। बुधवार को होटल क्लार्क्स अवध में 'शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों को गति' विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें विशेषज्ञों ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता इन क्षेत्रों के विकास में अहम भूमिका निभा सकती है। एआइ और डेटा के बेहतर इस्तेमाल से योजनाओं की निगरानी, जरूरतमंदों तक सेवाओं की पहुंच और कार्यों के मूल्यांकन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यशाला में तकनीक आधारित समाधान अपनाने पर भी चर्चा हुई।

# रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज में 2026 सत्र से एमबीबीएस शुरू कराने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** रुद्रपुर स्थित पं. रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2026-27 से एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को लेकर खटीमा क्षेत्र के अभिभावकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है। अभिभावकों ने कॉलेज में जल्द प्रवेश प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है।

पत्र में अभिभावकों ने कहा कि रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2026 से एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक नए सत्र को लेकर कोई घोषणा नहीं हुई है। इससे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में निराशा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निजी मेडिकल कॉलेजों की महंगी फीस वहन करना मुश्किल है। सरकारी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई शुरू होने से स्थानीय सहित प्रदेश के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। अभिभावकों ने काउंसलिंग के दौरान कुछ विद्यार्थियों द्वारा कथित रूप से फर्जी प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल किए जाने की आशंका भी जताई है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी आश्रित, स्थायी निवास और जाति प्रमाणपत्रों की जांच कराने की मांग की। साथ ही फर्जीवाड़ा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया। पत्र देने वालों में रवि कुमार भुर्जी समेत खटीमा क्षेत्र के कई अभिभावक शामिल रहे।







## एक नजर

### वृद्धावस्था पेंशन अब दो किस्तों में मिलेगी

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत वर्ष 2026 से नई किस्त प्रणाली लागू की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी के अनुसार लाभार्थियों को तीन माह की 3,000 पेंशन अब एक साथ मिलने के बजाय दो किस्तों में सीधे बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। प्रत्येक किस्त करीब 45 दिन के अंतराल पर जारी होगी। 80 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों के लिए 1,500 राज्य सरकार और 1,500 केंद्र सरकार देगी। वहीं 80 वर्ष से कम आयु वालों के लिए 2,400 राज्य सरकार और 600 केंद्र सरकार की हिस्सेदारी होगी। किस्त खाते में पहुंचने पर एसएमएस से सूचना मिलेगी। पेंशन के लिए बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है। आवेदन व अधिक जानकारी के लिए [SSPY उत्तर प्रदेश पोर्टल](http://sspy-up.gov.in?utm_source=chatgpt.com) पर जानकारी ली जा सकती है।

## हैनीमैन होम्योपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन की बैठक में होम्योपैथी के विकास और जनसेवा पर चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय




मिलन समारोह में मौजूद डॉक्टर्स। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** हैनीमैन होम्योपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन, पीलीभीत द्वारा पूरनपुर स्थित राम होटल में डॉक्टरों का एक मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक होम्योपैथिक चिकित्सकों ने सहभागिता कर होम्योपैथी के विकास, प्रचार-प्रसार, पुरानी बीमारियों के उपचार तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जवाहरलाल जायसवाल ने उपस्थित चिकित्सकों का स्वागत किया। उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए चिकित्सकों से आपसी सहयोग के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इसके पश्चात एसोसिएशन के महामंत्री डॉ. जे.एस. रशियाल ने मियाज्म एवं पुरानी बीमारियों के उपचार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, कोषाध्यक्ष डॉ. रवि ने 'क्लासिकल होम्योपैथी' विषय पर तथा मीडिया प्रभारी डॉ. एम.एच. शम्सी ने होम्योपैथी के माध्यम से पुरानी बीमारियों के इलाज पर अपने विचार रखे। समारोह में डॉ. अमन सिंह राठौर ने एल.एम. पोटेंसी के माध्यम से होम्योपैथिक चिकित्सा विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इसके अतिरिक्त डॉ. संजय स्वर्णकार, डॉ. प्रतीक सक्सेना, डॉ. संजीव सरोज, डॉ. अनुभव गुप्ता, डॉ. सुखबीर सिंह, डॉ. अब्दुल रहमान, डॉ. प्रशांत वर्मा सहित उपस्थित अन्य चिकित्सकों ने भी होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को जागरूक करना, स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा सामान्य बीमारियों के इलाज व बचाव के लिए प्रिवेंटिव होम्योपैथिक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी होम्योपैथिक चिकित्सकों को एक मंच पर लाकर समाज के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रहा।

## नशा मुक्त रैली निकालकर समाज को किया जागरुक

जागरण मोर्चा कार्यालय




रैली निकालते बच्चे। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक महाविद्यालय में सेवा ही संकल्प योजना के तहत नशा मुक्ति रैली का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज के स्वयंसेवकों ने रैली में प्रतिभा किया और नशा मुक्ति के नारे लगाए कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी ड़ॉ मृदुला शर्मा ने कहां की आज हम सभी नशा मुक्त रैली के माध्यम से समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए एकत्रित हुए हैं।

नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य को प्रभावित करता है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य हैं कि स्वयं नशे से दूर रहे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें हमारा उद्देश्य केवल रैली निकालना नहीं बल्कि एक स्वस्थ जागरूक और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना है युवा देश की शक्ति है यदि युवा जागरुक होंगे तो समज भी मजबूत होगा डॉ अरविंद कुमार दीक्षित जी ने कहा की नशा आज हमारे समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य शिक्षा और उज्जवल भविष्य पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं बल्कि परिवार,शिक्षण संस्थानों और समाज की सामूहिक जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वह नशा मुक्त भारत का संदेश जन जन तक पहुंचाएं और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें कार्यक्रम में ड़ॉ शाहिद खान,ड़ॉ अंशिका शर्मा, ड़ॉ आर्निका दीक्षित, ड़ॉ रजिया सकील, श्री सुरेन्द्र कुमार मौर्य, श्री अनूप शुक्ला, श्री महेंद्र सिंह, श्री आशीष कंचन आदि उपस्थित रहे!

## नकली सोने की चेन बेचने की कोशिश नाकाम, आरोपी पुलिस के हवाले

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** तहसील के पास स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान पर नकली सोने की चेन बेचने आए एक युवक को सर्राफा एसोसिएशन और स्थानीय दुकानदारों की तत्परता से रंगे हाथ पकड़ लिया गया। आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है, जबकि उसका एक साथी चकमा देकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

14 सितंबर 2026 को एक युवक तहसील रोड स्थित 'माधव ज्वेलर्स' की दुकान पर सोने की चेन बेचने पहुंचा था। आरोपी ने चेन पर '18 K 75 HM' का हॉलमार्क दिखाते हुए दावा किया कि वह 18 कैरेट सोने की है। जब दुकानदार ने चेन की गहनता से जांच करवाई, तो वह पूरी तरह से नकली पाई गई। नकली सोने का भंडाफोड़ होते ही दुकानदार ने तुरंत आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम राहुल, पुत्र जागन लाल, निवासी ग्राम कुआंडांडा खंजन, थाना खुदागंज, जिला शाहजहांपुर बताया। राहुल ने यह भी स्वीकार किया कि वह इस नकली चेन को बेचने अपने साथी प्रमोद, पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम कुआंडांडा के साथ आया था। हालांकि, राहुल के पकड़े जाते ही उसका साथी प्रमोद दुकान पर ही चेन छोड़कर मौके से चकमा देकर फरार हो गया। मामले का संज्ञान लेते हुए बीसलपुर सराफा एसोसिएशन ट्रस्ट के अध्यक्ष धीरज गुप्ता, गोपाल कृष्ण अग्रवाल और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में आरोपी को नगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। 16 सितंबर 2026 को पुलिस को सौंपी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## आरबीएसके ने लौटाई ताहिर के चेहरे पर मुस्कान, निःशुल्क हुआ उपचार

जागरण मोर्चा कार्यालय



ताहिर इलाज से पहले।



ताहिर इलाज के बाद।

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन वर्षीय ताहिर में क्लेफ्ट लिप की समस्या की पहचान की। ताहिर ललौरीखेड़ा विकासखंड क्षेत्र निवासी इशहाक का पुत्र है और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण निजी उपचार मुश्किल था। आरबीएसके टीम ने परिजनों को बीमारी और सरकार की निःशुल्क उपचार सुविधा की जानकारी दी। बच्चे को उपचार के लिए सिप्स सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लखनऊ रेफर किया गया, जहां उसका निःशुल्क उपचार कराया गया। उपचार के बाद ताहिर के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और परिवार के चेहरे पर खुशी लौट आई। परिजनों ने समय पर बीमारी की पहचान और उपचार कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया सीएमओ डॉ. बीसी पंथ के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ. क्षत्रपाल और डीईआईसी मैनेजर मोहम्मद मो. जुबैर के समन्वय से उपचार कराया गया। आरबीएसके टीम में डॉ. वी.डी. पांडेय, डॉ. इमरान अंसारी, स्टाफ नर्स सरिता रानी और फार्मासिस्ट लोकेश कुमार शामिल रहे।

## दिमाग की नस फटने से हैमरेज की शिकार हुई महिला, डॉक्टरों ने बिना चीरा इलाज करके बचाई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ के केजीएमयू डॉक्टरों ने दिमाग की नस फटने से हुए हैमरेज की शिकार 45 वर्षीय महिला का बिना चीरा लगाए सफल इलाज किया। एंडोवास्कुलर तकनीक से पैर की नस के रास्ते कैथेटर डालकर फटी नस का उपचार किया गया। आयुष्मान कार्ड से महिला का मुफ्त इलाज हुआ और उसकी हालत में सुधार आया।

केजीएमयू के डॉक्टरों ने दिमाग की नस फटने से हैमरेज की शिकार महिला की बिना चीरा इलाज करके जान बचा ली है। महिला के दिमाग की दाहिनी आर्टरी में एन्यूरिज्म फट गया था। इससे उसे तेज सिरदर्द, उल्टी और अधिक कमजोरी हुई। डॉक्टरों का कहना है समय पर इलाज न मिलने पर जान तक जा सकती थी।

मलिहाबाद निवासी 45 वर्षीय महिला को तेज सिरदर्द हुआ। उल्टियां होने लगी। चलने-फिरन में दिक्कत हुई। आनन-फानन परिवारीजन मरीज को लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने महिला को ब्रेन हैमरेज बताया। मरीज की हालत गंभीर बताते हुए केजीएमयू भेज दिया। परिवारीजन मरीज को लेकर केजीएमयू पहुंचे। डॉक्टर की सलाह पर सीटी स्कैन जांच हुई। जांच में एन्यूरिज्म का पता चला।

इसके बाद मरीज को इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग शिफ्ट किया गया। यहां डॉक्टरों ने एंडोवास्कुलर तकनीक से इलाज करने का फैसला किया। रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि इसमें सिर में चीरा लगाने के बजाए पैर की नस के रास्ते कैथेटर डाला गया।

## संक्षेप समाचार

### पीलीभीत में 11 नवंबर तक धारा 163 लागू

**पीलीभीत।** आगामी दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, चित्रगुप्त जयंती, धरना-प्रदर्शन और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। आदेश 15 सितंबर से 11 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। आदेश के तहत बिना अनुमति जलसा, जुलूस और जनसभा पर रोक रहेगी तथा सार्वजनिक स्थानों पर पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। लाठी-डंडे, हथियार, तलवार व चार इंच से अधिक फल वाले चाकू आदि लेकर चलने पर रोक लगाई गई है। लाउडस्पीकर के लिए अनुमति जरूरी होगी और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक इसका प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा अफवाह, भड़काऊ भाषण या आपत्तिजनक पोस्टर-लेख प्रकाशित करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, हुड़दंग कर यातायात बाधित करने और बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर भी रोक रहेगी। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडनीय होगा।

### जनगणना 2027: स्व-गणना की संशोधित तिथि 16 नवम्बर

**पीलीभीत।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने शुद्धिपत्र जारी कर जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की स्व-गणना को लेकर संशोधन किया है। पूर्व में जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्व-गणना प्रारंभ होने की तिथि गलती से 16 अक्टूबर 2026 अंकित हो गई थी। संशोधित तिथि 16 नवम्बर 2026 पढ़ी और समझी जाए।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते राज्य मंत्री।

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर को राजकीय रक्त केंद्र, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंत सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि सुरक्षित रक्त थैलेसीमिया, ब्लड कैंसर और एनीमिया से जूझ रहे मरीजों के लिए जीवनदायी है। शिविर के बाद अतिथियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए।

## आधुनिक जिम का शिलान्यास, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कप का आगाज

जागरण मोर्चा कार्यालय



आधुनिक जिम का शिलान्यास करते हुए जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** ग्राम पिपरिया मजरा में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक जिम निर्माण का शिलान्यास किया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनसहयोग और प्रशासन के सहयोग से बनने वाले जिम का शिलान्यास किया। इसी अवसर पर संत बाबा सुखदेव सिंह की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ भी किया गया।

जिलाधिकारी ने फीता काटकर कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए गांवों में खेल आयोजनों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

पिपरिया मजरा की चढ़दी कला एवं नानक नाम लेवा संगत ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन में नेकी की दीवार सामाजिक संस्था के संस्थापक गुरमेल सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रोजगार मेले में 545 अभ्यर्थियों का चयन, वितरित किए नियुक्ति पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



रोजगार मेले में मौजूद अभ्यर्थी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जेएमबी डिग्री कॉलेज देवीपुरा में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई और कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेले में 22 निजी कंपनियों ने भाग लिया।

कंपनियों के एचआर एवं प्रतिनिधियों ने रोजगार के लिए पहुंचे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। मेले में कुल 720 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 545 का चयन किया गया। मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दीं। विधायक ने युवाओं को सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए रोजगार मेले को उपयोगी पहल बताया। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश चन्द्र ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हो सका, उन्हें अपनी योग्यता और कौशल बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। मेले की व्यवस्थाएं यशवंत सिंह और आशीष राणा की देखरेख में संपन्न हुईं। कार्यक्रम का संचालन शैवी अग्रवाल ने किया, जबकि जेएमबी निदेशक संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सेवायोजन कार्यालय, आईटीआई, जेएमबी संस्थान के स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे।

**आदेश** | पति के लोन के लिए एसबीआई ने पत्नी की एफडी से पैसे निकाले

## हाईकोर्ट ने लगाई फटकारा, कहा- एक लाख मुआवजा दें

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** लखनऊ हाईकोर्ट ने पति के ऋण की वसूली के लिए पत्नी की सावधि जमा से 19.90 लाख रुपये निकालने पर भारतीय स्टेट बैंक को फटकार लगाई। अदालत ने बैंक को पूरी राशि ब्याज सहित लौटाने और एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। पत्नी ऋण की पक्षकार नहीं थीं।

हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पति के लोन के लिए पत्नी की एफ डी से पैसे निकालने की प्रक्रिया को "घृणित" और "बैंकिंग प्रथाओं के लिए स्पष्ट रूप से अभिशाप" बताते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को कड़ी फटकार लगाई है। बैंक ने एक महिला की सावधि जमा से उसके दिवंगत पति के ऋण की बकाया राशि के लिए 19.90 लाख की कटौती कर ली थी।

अदालत ने एसबीआई को निर्देश दिया कि वह पत्नी को 19,90,693 की राशि ब्याज सहित चार सप्ताह के भीतर वापस कर दे, उस दर पर जिस पर उन्हें फिक्स्ड डिपॉजिट का लाभ मिल रहा था। कोर्ट ने बैंक को दंडात्मक मुआवजे के तौर पर महिला को 1 लाख रुपये का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने यह फैसला लखनऊ निवासी नेहा मिश्रा की याचिका को मंजूर करके दिया। अदालत ने कहा कि एसबीआई ने नेहा मिश्रा के खाते से उनके पति के बकाया की वसूली के लिए कोई कानूनी आधार नहीं बताया, जबकि नेहा मिश्रा का बैंक के साथ कोई अनुबंध नहीं था। मिश्रा के पति, जो लखनऊ के एक अस्पताल में सहायक प्रोफेसर थे, ने 3 नवंबर, 2020 को एसबीआई से 15 लाख रुपये का लोन लिया था। आदेश के अनुसार, मिश्रा न तो ऋण के हस्ताक्षरकर्ता थीं और न ही सहमति देने वाले पक्षकार, और न ही वे सह-आवेदक, सह-ऋणकर्ता, गारंटर, ज़मानतदार, क्षतिपूर्तिकर्ता या नामित व्यक्ति थीं। अतः न्यायालय ने यह दर्ज किया कि मिश्रा और एसबीआई के बीच कोई संविदात्मक संबंध नहीं था। यह ऋण एसबीआई जनरल इंश्योरेंस से लिए गए बीमा कवर के माध्यम से सुरक्षित था। आदेश में कहा गया कि मिश्रा के पति ने कथित तौर पर इस कवर के लिए 8,803 का प्रीमियम अदा किया था। उनकी मृत्यु 6 मई, 2021 को कोविड-19 से हुई। इसके बाद एसबीआई ने मिश्रा से ऋण की बकाया राशि के भुगतान की मांग की और उन्हें 23 सितंबर, 2025 को एक कानूनी नोटिस जारी कर ब्याज सहित 13,87,382 की मांग की। इसके बाद दोनों पक्षों ने बातचीत शुरू की।

## सरकार के फैसले पर बिफरे व्यापारी

**लखनऊ।** दो हजार रुपये से अधिक के पर्सन-टू-मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर 15 अक्टूबर से 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू किए जाने की खबर से व्यापारियों में नाराजगी है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने इस शुल्क को वापस लेने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारी किसी भी कीमत पर यूपीआई ट्रांजैक्शन चार्ज स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कहा कि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल आंदोलन करेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी पहले से ही बैंक को एसएमएस, आईएमपीएस और कैश हैंडलिंग समेत कई तरह के शुल्क दे रहे हैं। ऐसे में यूपीआई लेनदेन पर नया शुल्क लगाने से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

## सेवा संकल्प अभियान में दिव्यांगजनों को बांटी ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर

जागरण मोर्चा कार्यालय




सेवा संकल्प अभियान में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** सेवा संकल्प अभियान के तहत आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के प्रधानमंत्री दिव्याशा वयोश्री केंद्र में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने छह दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल प्रदान की। वहीं दो दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर वितरित की गईं। इस दौरान दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की योजनाओं से दिव्यांगजनों को मिल रहे लाभों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद दिव्यांगजनों ने भी विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी दी। प्रधानमंत्री दिव्याशा वयोश्री केंद्र में सहायक उपकरणों के लिए 108 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया। अधिकारियों ने पात्र दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सहित सुखवीर सिंह भदौरिया, एमआई/समन्वयक डीडीआरसी और अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा।

## जीवित महिला को मृत दर्शाकर राशन कार्ड से नाम काटा

**पूरनपुर के पूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जीवित महिला को मृत दर्शाकर राशन कार्ड से नाम काट दिया गया। मामले की शिकायत डीएम से कर जांच कराने की मांग की है। कस्बा घुंघचाई निवासी रामप्रकाश पुत्र श्रीकृष्ण भारती ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी राजेश्वरी देवी, जो जीवित और स्वस्थ हैं। पीड़ित रामप्रकाश के अनुसार उनकी पत्नी राजेश्वरी देवी के नाम से राशन कार्ड पंजीकृत था। उनका आरोप है कि पूर्ति निरीक्षक पूरनपुर द्वारा बिना उचित भौतिक सत्यापन अथवा जांच के ही राजेश्वरी देवी को मृत दर्शाते हुए राशन कार्ड से उनका नाम हटा दिया गया। मामले में सबसे गंभीर सवाल यह है कि यदि महिला जीवित है तो सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें मृत किस आधार पर दर्ज किया गया और नाम हटाने से पहले क्या सत्यापन कराया गया। पीडित के अनुसार विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर राशन कार्ड की स्थिति देखने पर संदेश प्रदर्शित हो रहा है कि सदस्य को पूर्व में राशन कार्ड से डिलीट किया जा चुका है और इसका कारण सदस्य की मृत्यु बताया गया है। पीड़ित का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए वह पूर्ति विभाग के कार्यालय के कई चक्कर लगा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। पीडित ने जिलाधिकारी को पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, रिकॉर्ड में महिला को मृत दर्ज किए जाने की जांच करने व राशन कार्ड में आवश्यक संशोधन कर सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

# अखिलेश यादव ने खेला 'कुर्मी कार्ड', जग्गा की छुट्टी, सपा के नए जिलाध्यक्ष बने धर्मेश गंगवार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बीसलपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीलीभीत जिला इकाई में बड़ा फेरबदल करते हुए पिछले पांच वर्षों से जिलाध्यक्ष पद पर तैनात जगदेव सिंह जग्गा की विदाई कर दी है। उनके स्थान पर बीसलपुर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेश गंगवार को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जग्गा के लंबे समय से वरिष्ठ नेताओं संग तालमेल न बिठा पाने और कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद आंतरिक जांच रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला लिया गया। सपा के इस दांव को भाजपा के पारंपरिक 'कुर्मी वोट बैंक' में सेंध लगाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पीलीभीत संसदीय क्षेत्र में करीब ढाई लाख कुर्मी मतदाता हैं, जो बहेड़ी, पीलीभीत शहर, बीसलपुर और बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्रों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में भाजपा के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार इस वर्ग का बड़ा चेहरा माने जाते हैं। ऐसे में गंगवार समाज से आने वाले धर्मेश को कमान सौंपकर सपा ने भाजपा के सामने सीधी चुनौती खड़ी कर दी है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार का राजनीतिक और पारिवारिक जनाधार मजबूत माना जाता है। उनके दादा और पिता भी ब्लॉक प्रमुख समेत कई अहम पदों पर रह चुके हैं और उनके पिता 1980 में चुनाव लड़ चुके हैं। उनकी पत्नी दीप्ति गंगवार पूर्व जिला पंचायत सदस्य रही हैं, जबकि उनकी बहन प्रियंका गंगवार वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। हाल ही में भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए उनके साले डॉ. रत्नेश गंगवार की भी इस फेरबदल में अहम भूमिका बताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि धर्मेश के जरिए सपा ने पार्टी के भीतर जारी गुटबाजी को खत्म करने और आने वाले चुनावों के लिए क्षेत्रीय जातीय समीकरणों को अपने पक्ष में साधने की मजबूत कोशिश की है।

## संक्षेप समाचार

### भैंस के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुटकुना में घर के बाहर बैठे एक वृद्ध पर पड़ोसी की भैंस ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। क्षेत्र के ग्राम चुटकुना निवासी वृद्ध रीतराम अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान पड़ोस के एक ग्रामीण की भैंस अचानक खूंटे से छूटकर वहां आ पहुंची और उन पर हमला कर दिया। हमले में वृद्ध रीतराम बुरी तरह घायल हो गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें भैंस के चंगुल से बचाया। परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल वृद्ध को बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार कर इलाज शुरू कर दिया है।

### शिशु वाटिका का किया निरीक्षण, शिक्षण पर दिया जोर, गतिविधियों का अवलोकन कर बताए गए तरीके



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के मोहन सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर निकट पुरानी स्टेट बैंक में विद्या भारती ब्रज प्रदेश के शिशु वाटिका के प्रांतीय संयोजक रामकिशोर श्रीवास्तव ने शिशु वाटिका का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षों में पहुंचकर नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों की शिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया और उन्हें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखने के तरीके बताए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी आचार्य-आचार्या बहनों को पंचपदी शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शिक्षण कार्य कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षण से बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास को बेहतर दिशा दी जा सकती है।इससे पूर्व वंदना सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने पटका पहनाकर रामकिशोर श्रीवास्तव का स्वागत किया। प्रांतीय संयोजक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वंदना की, जिसके बाद निरीक्षण शुरू हुआ।विद्यालय अवकाश के बाद आचार्य-आचार्या बहनों के लिए शिशु वाटिका एवं नई शिक्षा नीति (NEP-2020) आधारित विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें बच्चों के शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। इस दौरान शिल्पी श्रीवास्तव, शिवांगी मिश्रा, अर्चना सक्सेना, विमल दीक्षित, महिपाल गंगवार, खेमकरन लाल, बलराम सिंह, सुबोध कुमार अग्निहोत्री समेत विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### बिजली की कटौती पर विधायक ने किया हस्तक्षेप

**पूरनपुर।** क्षेत्र में शाम छह बजे से रात 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की समस्या को लेकर ग्रामीणों और नगरवासियों में नाराजगी वनी हुई है। इसको लेकर पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने हस्तक्षेप किया। विधायक ने जनपद में निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति सुचारु कराने की मांग को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा को समस्या से अवगत कराया। विधायक ने मंत्रियों को बताया कि शाम के समय लगातार बिजली कटौती से पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच कई घंटे बिजली न मिलने से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही दुकानदारों और कारोबारियों की दिक्कतें बढ़ रही हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बिजली कटौती को लेकर लोगों में नाराजगी बनी हुई है।विधायक ने जनहित को ध्यान में रखते हुए शाम छह बजे से रात 12 बजे तक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की। उन्होंने विद्युत व्यवस्था में सुधार कर उपभोक्ताओं को राहत दिलाने का आग्रह किया। बिजली कटौती को लेकर लगातार सामने आ रहे विरोध के बीच विधायक के हस्तक्षेप से लोगों को समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है। गुरुवार दोपहर विधायक ने बताया कि क्षेत्र की जनता की समस्या उनकी अपनी समस्या है।

### शराब की दुकान हटाने को लेकर विधायक ने लिखे पत्र

**पूरनपुर।** क्षेत्र के ग्राम चदुईया कॉलोनी में गांव के अंदर संचालित शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर विधायक बाबूराम पासवान ने आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से वार्ता की। विधायक ने दोनों मंत्रियों को पत्र देकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया।विधायक ने बताया कि गांव के अंदर शराब की दुकान होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की ओर से भी दुकान को आबादी से बाहर स्थानांतरित किए जाने की मांग उठाई जा रही है। विधायक ने अधिकारियों से जनहित को ध्यान में रखते हुए मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े मामलों को संबंधित स्तर पर उठाया जाएगा। आबकारी विभाग द्वारा मामले की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की उम्मीद है।

### दंपति को पडोसी ने मारपीट कर किया घायल, केस दर्ज

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर महोलिया निवासी खूब लाल ने बताया कि वुदवार को रात करीब आठ बजे वह अपनी पत्नी के साथ अपने घर बाहर बैठा था। इसी दौरान पडोस में रहने वाले उसके भाई नन्दराम व चन्द्रपाल शराब पीकर आए और पुरानी कहासुनी को लेकर गाली गलौत करने लगे, विरोध करने पर आरोपियों ने दंपति को लाठी डंडे व लात घूंसो से मारा पीटा। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। शोर शराबा करने पर आरोपी जान से मारने व घर से भगा देने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घायल पति पत्नी घुंघचाई थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर केस दर्ज कर लिया है।

# दियोरिया कला-घुंघचाई जंगल मार्ग पर आवागमन हुआ सुचारू

## किसान नेता देवस्वरूप पटेल के प्रयास लाए रंग

जागरण मोर्चा कार्यालय



दियोरिया कला-घुंघचाई जंगल मार्ग पर टूटी सड़क की होती हुई मरम्मत। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** वर्षा एवं बाढ़ के पानी से बीसलपुर-दियोरिया कला-घुंघचाई-पूरनपुर मार्ग पर जंगल क्षेत्र में कटी करीब 100 मीटर सड़क की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। सड़क दुरुस्त होने से अब इस मार्ग पर सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से सुचारू हो गया है। बीसलपुर और पूरनपुर तहसील मुख्यालयों को सीधे जोड़ने वाला यह मार्ग दोनों क्षेत्रों के सैकड़ों गांवों के लोगों के आवागमन का सबसे कम दूरी वाला मुख्य रास्ता है। भारी बारिश और बाढ़ के चलते दियोरिया कला और घुंघचाई के बीच जंगल क्षेत्र में पुलिया के पास सड़क का 100 मीटर हिस्सा बह गया था, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। मामले का संज्ञान लेते हुए किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। उन्होंने तत्काल प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी से दूरभाष पर वार्ता की और मौके के फोटो व वीडियो भेजकर जनहित में जल्द से जल्द मार्ग सही कराने का अनुरोध किया था। अधिशासी अभियंता ने उस समय शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया था। किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने बताया कि वार्ता के उपरांत अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी ने बिना किसी विलंब के विभागीय टीम को मौके पर भेजा और पुलिया के पास टूटे मार्ग की युद्धस्तर पर मरम्मत करवाई। अब इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह सामान्य हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्षा ऋतु पूर्ण रूप से समाप्त होने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग का स्थाई (पक्का) निर्माण भी कराया जाएगा। मार्ग चालू होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों, किसानों और राहगीरों ने राहत की सांस ली है तथा किसान नेता और विभागीय अधिकारियों का आभार जताया है।

## घात लगाकर ग्रामीण पर बांके से हमला, बचाव में दो उंगलियां कटीं

जागरण मोर्चा कार्यालय



अस्पताल में इलाज कराता घायल।

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कर्रखेड़ा रमपुरा गांव के पास पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने एक ग्रामीण पर बांके से जानलेवा हमला कर दिया। हमले से खुद को बचाने के प्रयास में पीड़ित की हाथ की दो उंगलियां कट गईं। लहूलुहान अवस्था में पीड़ित बीसलपुर कोतवाली पहुंचा, जहां से पुलिस ने उसे तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। क्षेत्र के ग्राम चौसर हरदो पट्टी निवासी सियाराम का पुत्र ओमकार बीसलपुर दवाई लेने आ रहा था। जैसे ही वह अपने गांव से आगे बढ़ते हुए कर्रखेड़ा रमपुरा गांव के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से मौजूद दबंगों ने उसे घेर लिया और अचानक बांके से हमला बोल दिया। ओमकार ने खुद को बचाने के लिए हाथ आगे किया, जिससे बांके के वार से उसकी दो उंगलियां कट गईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर बीसलपुर कोतवाली पुलिस ने तुरंत घायल ग्रामीण को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छानबीन शुरू कर दी है और दबिश देकर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# जगह विवाद में दबंगों का तांडव पिता और दो बेटों पर जानलेवा हमला, तीनों अस्पताल में भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय



घायलों का अस्पताल में होता हुआ इलाज। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पकड़िया मंगली में बृहस्पतिवार को जगह के पुराने विवाद को लेकर दबंग पड़ोसियों ने एक ही परिवार के पिता-पुत्रों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार और मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। क्षेत्र के गांव पकड़िया मंगली निवासी श्रीपाल का अपने पड़ोसियों से जगह को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। बृहस्पतिवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच फिर से बहस शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ता देख पड़ोसी दबंगों ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए श्रीपाल पर हमला बोल दिया। पिता को बचाने आए उनके दोनों पुत्र आकाश और विकास पर भी दबंगों ने लाठी-डंडों से जानलेवा वार कर दिए। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े, तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। हमले में श्रीपाल, आकाश और विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार के लोग कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने घायलों को तत्काल मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और फरार हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## रात्रि में बेहोश पड़ी महिला का पुलिस ने कराया इलाज हालत में सुधार होने पर पुलिस ने परिवार को सौंप दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय



थाने पर मौजूद महिला। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** रात्रि के दौरान सडक के किनारे वेहोशी की हालत में पडी महिला को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसको अस्पताल पहुंचाया। हालत में सुधार होने पर पुलिस ने महिला को उसके परिजनों को सौंप दिया। लोग पुलिस की सरहाना कर रहे है। घुंघचाई क्षेत्र के शहबाजपुर के पास वुदबार की देर रात करीब 11 बजे एक महिला वेहोशी की हालत में पडी हुई थी। पुलिस की नजर वेहोश महिला पर पडी, इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और वेहोशी की हालत में महिला को लेकर पुलिस पूरनपुर अस्पताल में लेकर पहुंची और पुलिस ने उसका इलाज कराया। हालत में सुधार होने के बाद उसको थाने लाया गया। थाने पर तैनात महिला सिपाही की निगरानी में बैठाया गया। इस दौरान पुलिस ने महिला की जानकारी की तो महिला ने अपना नाम अंजू निवासी पचपुखरा थाना घुंघचाई जिला पीलीभीत बताया। जानकारी करने के बाद महिला सिपाही मीनाक्षी, काजल व दरोगा आदेश वालियान महिला को उसके पर ले जाकर उसके परिजनो को सौंप दिया,वेटी को देख परिवार में खुशी की लहर दौड गई। महिला को सुरक्षित उसके घर पहुंचाने पर महिला व उसके परिवार ने घुंघचाई पुलिस के इस सरहानीय कार्य की जमकर सरहाना करते हुए धन्यवाद दिया। परिवार ने कहा कि वंही क्षेत्र में भी पुलिस के इस कार्य की सरहाना हो रही है।

**खेलकूद** विधायक ने परिचय कर खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

# पिपरिया मझरा में 43 वें कबड्डी कप का हुआ शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



खिलाडियों से परिचय करते विधायक। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा में संत बाबा सुखदेव सिंह जी की बरसी के उपलक्ष्य में गुरुबार को आयोजित 43वें कबड्डी कप प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान का कमेटी के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मैदान पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।विधायक ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, ऊर्जा और टीम भावना का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। मैदान में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विधायक ने आयोजक कमेटी एवं ग्रामवासियों को बधाई दी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, पांच लोगों पर मुकदमा

**पूरनपुर।** हजारा थाना क्षेत्र के चांदिया हजारा गांव में घर में घुसकर महिला से गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में गांव निवासी ममता पत्नी दिनेश कुमार ने बताया कि 14 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे अमित पुत्र बाकेलाल, बाकेलाल की पत्नी, पुष्पा देवी पत्नी परवेज और राधा पत्नी देवेंद्र समेत पांच लोग उसके घर में घुस आए।आरोप है कि घर में घुसते ही आरोपियों ने महिला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। मारपीट में महिला के शरीर पर कई चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी की बैठक संपन्न हुई

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** अमरैयाकला में पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली, सामाजिक एवं सेवा कार्यों तथा संगठन द्वारा किए जा रहे विभिन्न जनहित के कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से संगठन को ग्राम एवं क्षेत्र स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को संबल प्रदान करने वाली समाजसेवी संगीता सिंघल,प्रदेश संगठन मंत्री श्री प्रवीण शर्मा,जिला प्रमुख पालेन्द्र शर्मा,विधानसभा प्रमुख जसवंत वर्मा,विशाल भारती, ब्लॉक प्रमुख युवा वाहिनी प्रतीक खंडेलवाल, उप ब्लॉक प्रमुख श्री संदीप शर्मा,मोनू शर्मा,उमाशंकर,मीडिया प्रभारी हिमांशु प्रताप सिंह, राजकिशोर, कन्हैया यादव, सूरज कश्यप, अभिषेक शर्मा, दीपक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान श्री सत्यपाल जी का विशेष सहयोग रहा। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

# खेल जगत ने पीएम को दीं शुभकामनाएं, सचिन-गांगुली से लेकर पीटी उषा ने कही यह बात

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (17 सितंबर) अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं। खेल जगत के दिग्गजों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने मोदी की खेलों के प्रति योगदान और खिलाड़ियों के लिए लगातार समर्थन की सराहना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर देशभर से उन्हें शुभकामनाएं मिल रही हैं। खेल जगत की कई दिग्गज हस्तियों ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और देश की सेवा के लिए निरंतर ऊर्जा की कामना की।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और पूर्व एथलीट पीटी उषा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पीएम मोदी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए देश को शांति, खुशहाली और तरक्की की दिशा में आगे ले जाने के लिए उन्हें शक्ति मिलने की प्रार्थना की।

भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह पीएम मोदी के स्वास्थ्य और खुशी की कामना करते हैं और उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री भारत को शानदार भविष्य की ओर आगे ले जाते रहेंगे।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का नेतृत्व भारत को मजबूत और अधिक प्रगतिशील भविष्य की ओर ले जा रहा है। युवराज ने आने वाले वर्ष में प्रधानमंत्री के लिए अच्छे स्वास्थ्य, खुशियों और लगातार सफलता की कामना की।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री के




अच्छे स्वास्थ्य, ताकत और खुशी की कामना करते हुए कहा कि देश के प्रति उनका समर्पण लाखों लोगों को प्रेरित करता रहे। रैना ने उम्मीद जताई कि भारत तरक्की और गौरव की नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

पूर्व क्रिकेटर और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने भी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पीएम मोदी की ऊर्जा, अनुशासन और देश के प्रति प्रतिबद्धता को प्रेरणादायक बताया। प्रसाद ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और देश की सेवा के लिए कई और वर्षों की कामना की।

पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल ने एक वीडियो साझा कर प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अपनी पूरी क्षमता के साथ देश के विकास के लिए काम किया है और उम्मीद जताई कि वह आगे भी इसी तरह काम करते रहेंगे।

सायना नेहवाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों का सहयोग किया है और वह हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़े रहे हैं। इसके साथ ही सायना ने देशवासियों से प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार शाम 6 से 7 बजे के बीच आशीर्वाद के रूप में दीप जलाने की अपील भी की।

पूर्व क्रिकेटर और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पीएम मोदी के देश के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और दीर्घायु की कामना की।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पीएम मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना करते हुए उनकी सफलता के लिए भी बधाई दी।

बॉक्सर और ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह ने भी एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु रहने की प्रार्थना की और देश की सेवा के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक लंबा संदेश लिखा। उन्होंने कहा कि वह अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए लिखना पसंद करती हैं और इस बार उन्होंने पीएम मोदी के जन्मदिन पर दिल से अपनी बात रखने का फैसला किया।

सिंधु ने भारतीय खेल जगत में आए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे परिवर्तन देखे हैं, जिनकी उन्होंने बड़े होते समय कल्पना भी नहीं की थी। उनके मुताबिक, खेलों में बढ़े सहयोग, अवसर और भरोसे ने भारतीय खिलाड़ियों को दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आत्मविश्वास दिया है।

सिंधु ने पीएम मोदी के साथ अपनी कुछ निजी यादें भी साझा कीं। उन्होंने आइसक्रीम साझा करने और अपने तत्कालीन कोच पार्क के साथ पीएम मोदी के हंसने जैसी मुलाकातों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी में लोगों को सहज, अपनापन और सम्मान महसूस कराने की खास क्षमता है।

सिंधु ने अपने पति दत्ता के साथ प्रधानमंत्री मोदी की एक बातचीत का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि रात करीब 10:30 बजे हुई करीब एक घंटे की बातचीत में नागरिक रिकॉर्ड से जुड़े एक तकनीकी विषय पर चर्चा हुई थी। सिंधु के मुताबिक, इस बातचीत के बाद उनके पति इस बात से प्रभावित थे कि प्रधानमंत्री को इतने तकनीकी विषय की गहरी जानकारी थी।

अंत में सिंधु ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और खुशी की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश और उसके लोगों की सेवा के लिए आने वाले वर्षों में भी इसी तरह काम करते रहें। साथ ही उन्होंने लोगों को यह एहसास कराने के लिए धन्यवाद दिया कि उनके सपने भी मायने रखते हैं।

क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने पीएम मोदी के अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाल जीवन और देश की सेवा के लिए आने वाले वर्षों में भी ऊर्जा और समर्पण की कामना की।

# अफगानिस्तान के खिलाफ अभिषेक शर्मा का तूफान

### भारत के लिए जड़ा सबसे तेज शतक, रोहित के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा




**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली.** भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ 30 गेंदों पर शतक जड़ दिया है। अभिषेक ने भारत के लिए टी20 में सबसे तेज शतक लगाया है। अभिषेक और सैमसन के बीच शानदार साझेदारी हुई है।

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। अभिषेक ने शतक लगाया। भारत ने इसके साथ ही पावरप्ले में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। अभिषेक ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए पहले 16 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और फिर 30 गेंदों पर शतक लगाया। टेस्ट खेलने वाले देशों में किसी बल्लेबाज का टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह सबसे तेज शतक है।

भारत को अभिषेक और संजू सैमसन ने दमदार शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले ही ओवर से धुआंधार बल्लेबाजी की। सबसे पहले अभिषेक ने गेंदबाजों को निशाने पर लेना शुरू किया और इसके बाद सैमसन ने भी हाथ खोले। इन दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में ही 100 रनों का आंकड़ा पार करा दिया। भारत का पावरप्ले में यह अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। भारतीय टीम इससे पहले कभी पावरप्ले में 100 रन नहीं बना सकी थी।

अभिषेक का यह शतक भारत के लिए टी20 में किसी बल्लेबाज का सबसे तेज सैकड़ा है। इससे पहले ये रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में खेले गए मैच में 35 गेंदों पर शतक लगाया था। किसी टेस्ट नेशन देश के बल्लेबाज का भी यह सबसे तेज शतक है। हालांकि, टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम है। साहिल ने 2024 में साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों पर शतक लगाया था।

## थाईलैंड के खिलाफ उलटफेर से बचा पाकिस्तान

**एजेंसी न्यूज**

**जापान।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने थाईलैंड को तीन विकेट से हराया। झमाझम बारिश के चलते गीली आउटफील्ड के कारण इस मैच को 11-11 ओवर का किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए थाईलैंड के बल्लेबाजों का प्रदर्शन दमदार रहा। उन्होंने 11 ओवर में चार विकेट खोकर 91 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। टीम की तरफ से नानापत कोंचारोएनकाई ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 49 रनों की दमदार पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में सात चौके लगाए। जवाब में पाकिस्तान ने 10.4 ओवर में सात विकेट पर 92 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। थाईलैंड की ओर से फन्निता माया ने 16 गेंदों में 15 रन बनाए, जबकि कप्तान नारुएमोल चाईवाई ने 3 गेंदों में 10 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से गेंदबाजी में कप्तान फातिमा सना का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने 3 ओवर के स्पेल में 22 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि नशरा संधू ने एक विकेट अपने नाम किया।

## पृथ्वी शॉ की सगाई टूटी: भारतीय क्रिकेटर की मंगेतर आकृति अग्रवाल ने की पुष्टि, सोशल मीडिया पर लिखा लंबा पोस्ट

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ निजी जिदंगी भी मुश्किलों से गुजर रही है। पृथ्वी एक बार फिर से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। पृथ्वी की मंगेतर आकृति अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनसे अलग होने की जानकारी साझा की है। आकृति ने इंस्टाग्राम के जरिए पृथ्वी शॉ से अलग होने की जानकारी दी।

आकृति ने लिखा, भारी मन से, मैं यह बताना चाहती हूं कि मेरे मंगेतर और मैंने अपने भविष्य के लिए अलग-अलग लक्ष्यों और हालात की वजह से अलग होने का फैसला किया है। हम एक-






दूसरे से जितना प्यार और परवाह करते हैं, हमने यह मान लिया है कि हमारे रास्ते साथ रहने के लिए नहीं बने हैं। अपनी जिम्मेदारियों और अभी जिन हालात का हम सामना कर रहे हैं, उन्हें देखते हुए हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है।

आकृति ने आगे लिखा, मैं सच में हम दोनों के लिए आगे बढ़ने के लिए सबसे अच्छी शांति और खुशी की कामना करती हूं। मैं सभी से अनुरोध करती हूं कि इस मुश्किल समय में हमारी निजता का सम्मान करें और हमारे फैसले के पीछे के कारणों के बारे में अंदाजा लगाने से बचें। हमारी जगह को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।

पृथ्वी शॉ और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री आकृति अग्रवाल ने आठ मार्च 2026 को सगाई की थी। पिछले कुछ दिनों से दोनों के रिश्तों में खटास की खबरें आ रही थीं।

## आईसीसी: जिम्बाब्वे के टावेंगवा मुखुहलानी बने नए उपाध्यक्ष, इमरान ख्वाजा की ली जगह; अध्यक्ष जय शाह ने दी बधाई

**एजेंसी न्यूज**

**दुबई.** जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रमुख टावेंगवा मुखुहलानी को आईसीसी में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। टावेंगवा मुखुहलानी आईसीसी के उपाध्यक्ष चुने गए हैं। वह इमरान ख्वाजा की जगह यह भूमिका निभाएंगे।

टावेंगवा मुखुहलानी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह नवंबर 2027 तक इस पद पर रहेंगे। मुखुहलानी इस समय जिम्बाब्वे क्रिकेट के चेयरमैन हैं और आईसीसी बोर्ड में अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह इमरान ख्वाजा के पद छोड़ने के बाद यह नई जिम्मेदारी संभालेंगे। मुखुहलानी आईसीसी की फाइनेंस एंड कमर्शियल अफेयर्स (एफ एंड सीए) कमेटी और नॉमिनेशन कमेटी के सदस्य हैं। इसके अलावा, वह आईसीसी की एचआर और रेमुनरेशन कमेटी के प्रमुख भी हैं। अब उपाध्यक्ष का पद संभालकर वह आईसीसी के इस अहम पद पर पहुंचने वाले जिम्बाब्वे के पहले व्यक्ति बने हैं।

उनकी नियुक्ति अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक अहम समय पर हुई है, क्योंकि जिम्बाब्वे दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ मिलकर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 की सह-मेजबानी करेगा। जिम्बाब्वे क्रिकेट में लीडरशिप अनुभव और क्षेत्रीय जानकारी के दम पर मुखुहलानी अहम मार्गदर्शन देंगे, क्योंकि आईसीसी 24 साल में पहली बार इस बड़े टूनार्मेंट को अफ्रीका में वापस ला रहा है।

मुखुहलानी ने अपनी नियुक्ति पर कहा, मेरे साथी आईसीसी बोर्ड डायरेक्टरों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आईसीसी के उपाध्यक्ष के तौर पर सेवा करने का मौका मिलने के लिए आभारी हूं। मैं हमारे चेयरमैन जय शाह के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, जिनकी लीडरशिप, ऊर्जा और महत्वाकांक्षा ने आईसीसी को एक स्पष्ट मकसद दिया है, जिसमें क्रिकेट को बढ़ाने, हमारे सदस्यों के लिए मौके बनाने और नए दर्शकों और बाजारों तक पहुंचने पर खास ध्यान दिया गया है।

उन्होंने आगे कहा, क्रिकेट एक रोमांचक दौर में प्रवेश कर रहा है, खासकर ओलंपिक खेलों में इसकी वापसी और लगातार वैश्विक विस्तार के साथ। मैं अपनी साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और विश्व स्तर पर क्रिकेट के सर्वोत्तम हितों की सेवा करने में हमारे चेयरमैन जय शाह और साथी बोर्ड डायरेक्टरों का समर्थन करने के लिए उत्सुक हूं।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।